दिल्ली
अधिकतम तापमान 31 डिग्री
न्युनतम तापमान 26 डिग्री
एनसीआर
अधिकतम तापमान 29 डिग्री
न्युनतम तापमान 26 डिग्री

शनिवार 30 अगस्त 2025
सुर्योदय प्रात: 05 :59 बजे
सूर्यास्त सांय 18 : 45 बजे

www.khabariya.com

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 बारूद के एक ढेर पर बैठी है, ये दुनिया!

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष: 16 | अंक : 315 | गाजियाबाद, शनिवार 30 अगस्त 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946







### जापान की प्रौद्योगिकी और भारत की प्रतिभा मिलकर करेगी

# प्रौद्योगिकी क्रांति का नेतृत्व : पीएम

✷ वेबवार्ता. टोक्यो ✷

भारतीय प्रधानमंत्री ने यहां शुक्रवार को जापान को भारत की विकास यात्रा में अहम साझीदार करार देते हुए जापानी उद्योग जगत से विनिर्माण, प्रौद्योगिकी, नयी पीढी के बुनियादी ढांचे, स्वच्छ ऊर्जा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में मिलकर आगे बढने का आह्वान किया और कहा कि जापान की प्रौद्योगिकी और भारत की प्रतिभा मिलकर इस सदी की प्रौद्योगिकी क्रांति का नेतृत्व कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दोनों देश मिलकर एशिया की इस सदी में स्थिरता, विकास और समृद्धि को एक नया आयाम देंगे। उन्होंने कहा कि एशिया ही नहीं दोनों देश मिलकर ग्लोबल साउथ विशेषकर अफ्रीका के विकास में भी अहम योगदान दे सकते हैं। जापान की दो दिन की यात्रा पर सुबह यहां पहुंचे श्री मोदी ने अपने जापानी समकक्ष के साथ भारत-जापान आर्थिक फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की विकास यात्रा में जापान हमेशा एक अहम भागीदार रहा है। विशेष रूप से आटो सेक्टर तथा विनिर्माण क्षेत्र में भारत और जापान की साझेदारी की सफलता का उल्लेख करते हुए उन्होंने जापानी उद्योग जगत से भारत के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया।



उन्होंने कहा ," मैं आप सबसे आग्रह करता हूँ- आइए मेक इन इंडिया , मेक फॉर द वर्ल्ड । भारत ने एआई, सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंम्पयूटिंग , बायोटेक और अंतरिक्ष में साहसिक तथा महत्वाकांक्षी पहल की है। जापान की प्रौद्योगिकी और भारत की प्रतिभा मिलकर इस सदी की प्रौद्योगिकी क्रांति का नेतृत्व कर सकते हैं।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि जापान के सहयोग से मुंबई और अहमदाबाद हाई स्पीड रेल पर

## यूके में बादल फटने की घटनाओं में अब तक दो शव मिले और 5 लापता, 40 परिवार मलबे में फंसे

✷ वेबवार्ता. देहरादून ✷

उत्तराखंड में पिछले चौबीस घंटों से अलग अलग स्थानों पर हो रही बारिश लोगों के लिए आफत बन गई है। राज्य के बागेश्वर जिले में बादल फटने की घटना में अब तक दो शव बरामद हुए हैं, जबकि तीन लापता और एक घायल है। टिहरी जिले में दो मवेशी की मौत हुयी है। रूद्रप्रयाग जिले में 30 से 40 परिवारों के फंसे होने की सूचना है। चमोली में एक आवासीय भवन के क्षतिग्रश्त होने से दो व्यक्ति तथा कुछ बकरियों के दबे होने की सूचना है।

राज्य आपदा परिचालन केन्द्र से प्राप्त अद्यतन जानकारी के अनुसार,



गुरुवार देर रात बागेश्वर जिले के कपकोट तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत पौसारी में अतिवृष्टि के कारण लगभग पांच से छह आवासीय भवनों के क्षतिग्रश्त होने की सूचना प्राप्त हुयी है।

अब तक दो लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि तीन लोगों के लापता होने की सूचना है। एक व्यक्ति घायल है।

## ऑपरेशन सिन्दूर में केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के योगदान की सराहना की राष्ट्रपति मुर्मु ने

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ऑपरेशन सिन्दूर को आतंकवाद के विरुद्ध मानवता की विजय का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए इस अभियान में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के योगदान की सराहना की है।श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को राजधानी में केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के फोरम 'स्कोप' द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सार्वजनिक उपक्रम 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने और 'मेक इन इंडिया' के राष्ट्रीय अभियान में केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। राष्ट्रपति ने रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों का विशेष रूप से योगदान करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने और भारत पर हमले के प्रयासों को पूरी तरह नाकाम कर दिया गया।

## SC ने की निलंबन अवधि बढ़ाने के आदेश के खिलाफ डीआरटी पीठासीन अधिकारी की रिट खारिज

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) के एक पीठासीन अधिकारी की याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने अपनी निलंबन अवधि बढ़ाने के आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के जुलाई के आदेश के खिलाफ याचिकाकर्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी हैं। सुप्रीम कोर्ट की एक खंडपीठ ने एकल न्यायाधीश के उस आदेश के खिलाफ उनकी याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें चंडीगढ़ स्थित डीआरटी-दो के पीठासीन अधिकारी के पद से उनके निलंबन की अवधि बढ़ाने के दूसरे आदेश के खिलाफ उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी।

## कांग्रेस ने किया 75 साल की उम्र वाली टिप्पणी भागवत पर कटाक्ष

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत की 75 साल की उम्र से संबंधित ताजा टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को उन पर कटाक्ष किया और कहा कि उन्होंने एक महीने में दो विपरीत बयान दिए हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने उनके दो बयानों से संबंधित खबर साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''एक महीना, एक व्यक्ति, दो विपरीत बयान।'' भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा था कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि वह 75 साल की उम्र में पद छोड़ देंगे या किसी को इस आयु में संन्यास ले लेना चाहिए। संघ प्रमुख की इस टिप्पणी ने नेताओं के संन्यास लेने संबंधी उनकी हालिया टिप्पणी पर चल रही अटकलों पर विराम लगा दिया, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदर्भ में देखा जा रहा था। मोदी और भागवत, दोनों अगले महीने 75 वर्ष के हो जाएंगे। भागवत ने 75 साल की उम्र में सेवानिवृत्ति या संन्यास के मुद्दे पर हाल में नागपुर में दिवंगत आरएसएस नेता मोरोपंत पिंगले की विनोदप्रियता पर प्रकाश डालते हुए उनका उद्धरण दिया था।

## NHRC प्रमुख ने शैक्षणिक परिसरों में रैगिंग रोकने के लिए कड़ा निगरानी तंत्र बनाने को कहा

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की अध्यक्षता में यहां आयोजित एक सत्र में शैक्षणिक संस्थानों के परिसरों में रैगिंग रोकने के उपायों के तहत स्वास्थ्य एवं समावेशी केंद्र बनाने, संस्थानों से सबूत और जवाबदेही तय किए जाने के साथ वार्षिक रैगिंग रोधी रिपोर्ट मंगाने तथा शिकायतों को जिला प्रशासन की मंजूरी के बिना बंद न किए जाने के सुझाव दिए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए NHRC के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) वी. रामसुब्रमण्यन ने उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की घटनाओं पर "चिंता व्यक्त" की।

## सीबीआई ने एएआई के प्रबंधक पर 232 करोड़ रुपये निजी खातों में जमा करने का मामला दर्ज किया

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) के एक वरिष्ठ प्रबंधक के खिलाफ तीन वर्षों में फर्जी लेखा प्रविष्टियों के जरिये 232 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अपने निजी खातों में जमा करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है।

अधिकारियों ने बताया कि एएआई के वरिष्ठ प्रबंधक ने देहरादून हवाई अड्डे पर अपनी तैनाती के दौरान तीन साल में यह हेराफेरी की। उन्होंने बताया कि वित्त एवं लेखा विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक राहुल विजय की ओर से कथित हेराफेरी का पता एक आंतरिक ऑडिट में चला।

अधिकारियों के मुताबिक, एएआई ने आंतरिक ऑडिट के निष्कर्षों की पुष्टि के लिए एक समिति का गठन किया, जिसने फर्जी लेखा प्रविष्टियों, परिसंपत्तियों में वृद्धि और प्राधिकरण के खातों से विजय के निजी खातों में अनधिकृत धन अंतरण के जटिल जाल को उजागर किया।




एएआई के वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) चंद्रकांत पी ने 18 अगश्त को सीबीआई में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई।

आरोप है कि विजय, जो भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में एएआई के आधिकारिक बैंक खातों में अधिकृत हश्ताक्षरकर्ता था, ने गुप्त रूप से धन अंतरण की सुविधा के लिए तीन अलग-अलग उपयोगकर्ता आईडी बनाईं।

प्राथमिकी के मुताबिक, विजय ने शुरुआत में कथित तौर पर छोटे लेनदेन किए और फिर बड़ी रकम का अंतरण किया।

## पीएम सीएम को हटाने संबंधी विधेयक के लिए गठित जेपीसी पर विश्वास नहीं : ओब्रायन

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को 30 दिन तक जेल में रहने पर पद से हटाने से संबंधित विधेयकों पर विचार के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) पर विश्वास नहीं किया जा सकता।



उन्होंने यह बात ऐसे समय कही है जब कई विपक्षी दलों ने घोषणा की है कि वे समिति में शामिल नहीं होंगे। ओब्रायन ने जेपीसी के समक्ष विपक्ष की आपत्तियों के उदाहरण सूचीबद्ध किए, जिनमें आमतौर पर सत्ता पक्ष के सदस्यों का दबदबा होता है। उन्होंने "जेपीसी पर विश्वास न कर पाने के छह कारण" शीर्षक से लिखे एक ब्लॉग में पुराने मामलों का जिक्र किया, जिनमें विपक्ष ने जेपीसी के समक्ष आपत्तियां जताई थीं। बोफोर्स अनुबंध घोटाले की जांच के लिए 1987 में गठित जेपीसी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि छह प्रमुख विपक्षी दलों ने समिति का बहिष्कार किया था, क्योंकि इसके अधिकतर सदस्य कांग्रेस से थे।

## इसरो की नजर अगले चार दशकों में मंगल ग्रह पर उतरने और वहां आवास बनाने पर

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

भारत अगले चार दशकों में मंगल ग्रह पर 3डी-मुद्रित आवास स्थापित करने और लाल ग्रह पर मनुष्यों को उतारने के लिए पूर्ववर्ती मिशन शुरू करने की योजना बना रहा है।

यह बात भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा भविष्य के लिए तैयार किए गए रोडमैप में कही गई है। यह रोडमैप अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा किए गए राष्ट्रव्यापी विचार-विमर्श का परिणाम है, जिसका समापन पिछले सप्ताहांत यहां राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में हुआ।

रोडमैप के अनुसार, भारत की योजना 2047 तक चंद्रमा पर एक 'क्रू स्टेशन' बनाने, खनिजों और अन्य संसाधनों के लिए खनन करने, चालक दल वाले चंद्र भू-भाग वाहनों को संचालित करने और प्रणोदक डिपो बनाने की है, जो अंतर-ग्रहीय अभियानों को ईंधन प्रदान कर सकें और पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह पर अंतरिक्ष यात्रियों के प्रवास को सहायता प्रदान कर सकें।



## डाक्टर मकसूद चोधरी ने किया चोधरी इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी शोरूम का शुभारंभ

✷ **एनसीआर टुडे. नजीबाबाद** ✷। रायपुर में चौधरी इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी शोरूम हुआ हुआ शुभारम्भ। जलालाबाद निवासी डॉक्टर मकसूद चौधरी संस्थापक सदस्य आजाद समाज पार्टी ने शोरूम का फीता काट कर उद्घघाटन किया। डॉ मक़सूद चौधरी ने शोरूम के स्वामी को बधाई दी और कहा की रायपुर में इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी शोरूम खुलने से रायपुर और उसके आसपास के क्षेत्र लोगो इसका लाभ मिलेगा। साथ ही प्रदूषण मुक्त वाहन लोगो को बहुत सश्ते रेट में गांव में ही उपलब्ध होंगा। उद्घघाटन समरोह में आये सभी मेहमानों का हाजी शराफत चौधरी ने आभार वक्त किया। उद्घघाटन में हाजी जुल्फिकार, हाजी शराफत कुरैशी, नौशाद चौधरी, नीतीश चौधरी, शहजाद चौधरी, लईक कुरैशी, बिलाल चौधरी, फरीद, फहीम, इसरार, एहसान, शमीम माहीगीर, शेर अली, इकबाल कुरैशी, यूसुफ कुरैशी आदि सहित काफ़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## शत प्रतिशत रहा मोलाना मोहमद अली जोहर हायर एजुकेशन इंस्टीटयूट का एम.ए. इंगलिस दितीय सेमेसटर

✷ **एनसीआर टुडे. नजीबाबाद** ✷। एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर (बिजनौर) का एम.ए. (अंग्रेज़ी) द्वितीय सेमेस्टर 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जो शत-प्रतिशत रहा। जिसमें मिसबा शहरीन ने 70.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, मिस्बा परवीन ने 69.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा राहेमीन ने 67.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक मौहम्मद साईम राजा ने सभी सफ़ल विद्यार्थियों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि छात्र-छात्राऐं आगे भी ऐसे ही सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन करें और देश व समाज के उत्थान में योगदान दें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने शुभ कामनाऐं देते हुए कहा कि छात्र-छात्राऐं मेहनत व लगन से पढ़ते हुए अपने कैरियर को सवारें। अंग्रेज़ी विभाग के प्रवक्ता डॉ. अजय कुमार राणा ने छात्र-छात्राओं को मुबारकबाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नगीना विधानसभा में वोट सुधार हेतु एसडीम नगीना को मांग पत्र

✷ **एनसीआर टुडे. नगीना** ✷। नगीना विधानसभा ग्राम कक्कड़पुर उर्फ़ लकड़ा ग्रामप्रधान एवं ग्राम वासियों की शिकायत पर भाजपा नेता रोहित रवि ने ग्रामवासियों समेत एसडीएम नगीना एवं तहसीलदार नगीना से मुलाकात कर ग्राम वासियों की समस्या से अवगत कराया इसमें बताया कि उक्त ग्राम के 200 से अधिक वोटरों को अपने निकट बूथ से अलग दूरस्थ बूथ पर वोट डालने जाना पड़ता है जिससे महिलाओं एवं वृद्धो को वोट डालने में समस्या होती है तथा वोट प्रतिशत प्रभावित होता है। जिसके समाधान हेतु उक्त अधिकारियों से अनुरोध किया जिस पर समस्या का संज्ञान लेते हुए जांच कर उचित एवं शीघ्र कार्यवाही का भरोसा अधिकारियों द्वारा दिया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता रोहित रवि,ग्राम प्रधान ऋषिपाल सिंह, हेमराज सिंह, फूल सिंह, घनश्याम सिंह, डॉ उदयराज, विजयभान सिंह, वेदपाल सिंह, ज्ञान सिंह एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## समाज सेवी शाहनवाज खलील ने किया पेंट की दुकान का उदघाटन

✷ **एनसीआर टुडे. नगीना** ✷। मोहल्ला कलालान नई बश्ती मुफ्ती जलील के मदरसे के पास नगर के समाज सेवी अंजार सैफी के भतीजे की पेंट की नई दुकान का उद्घाटन नगर पालिका/नगर पंचायत अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने और उनकी टीम के लोगों ने दुकान संचालक को बधाई देकर कारोबार में तरक्की के लिए दुआ दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कस्बा के पहाड़ी दरवाजा रोड पर फुलवाड़ मदरसे के पास स्थित नगीना पेंट रंगों की पहचान नामक पेंट की दुकान का नगरपालिका चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान दुकान के संचालक वाजिद सैफी द्वारा शेख शाहनवाज खलील व उनकी टीम के लोगों का माला पहना कर जोरदार अभिनंदन किया गया।

## आकाशीय बिजली गिरने से बिजलीघर के उपकरण फूके

✷ **एनसीआर टुडे. नगीना** ✷। नगर के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर शुक्रवार को आकाशीय बिजली गिरने से बिजलीघर के उपकरण अचानक जलने-बुझने लगे। घटना के दौरान मौजूद कर्मचारी घबरा गए और तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचना दी। सुबह से हो रही वर्षा के बीच अचानक गिरी आकाशीय बिजली से झालू बिजलीघर के विद्युत उपकरण प्रभावित हुए। इस दौरान डिस्प्ले लाइट्स लगातार जलने-बुझने लगीं। इस संबंध में अवर अभियंता सुदेश कुमार ने बताया कि बिजलीघर के कुछ उपकरण प्रभावित हुए थे। सूचना मिलते ही द्वितीय विद्युत उपखंड अधिकारी अरविंद कुमार बिंद मौके पर पहुंचे और टीम ने उपकरणों की मरम्मत कर विद्युत आपूर्ति पुनः सुचारू करा दी। कोई बड़ा नुकसान होने से बच गया बिजली विभाग ने राहत की सांस ली

# स्टेशन के काम की धीमी गति से दिक्कत

✷ **एनसीआर टुडे. गाजियाबाद** ✷




रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य की धीमी गति से यात्रियों को परेशानी हो रही। इसको लेकर शहर विधायक ने लेकर केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर कार्यप्रणाली की समीक्षा के साथ मौके पर निरीक्षण की मांग की है।

शहर विधायक ने पत्र में लिखा कि गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री ट्रेन पकड़ने के लिए आते हैं। दिल्ली से पहले गाजियाबाद प्रमुख स्टेशन है, इसकी वजह से भी यहां यात्रियों का भारी दबाव रहता है। गाजियाबाद स्टेशन पर पिछले कुछ समय से स्टेशन को आधुनिक बनाने के लिए विकास कार्य किया जा रहा है। इसको लेकर स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को कई बार परेशानी होती है।

इसको लेकर शहर विधायक संजीव शर्मा ने शुक्रवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर कार्य में तेजी लाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में कहा कि गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर विकास कार्य की गति धीमी है। इसकी वजह से लोगों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

अमृत भारत योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों को समाप्त करने की समय अवधि 25 अगश्त 2025 तय की गई थी। अब तक मात्र 25 प्रतिशत ही कार्य हुआ है। शहर साइड में केवल एक बिल्डिंग और विजयनगर साइड में अधिकारियों के कार्यालय का काम चल रहा है। ये भी अभी आधा ही पूरा हुआ है। इसके अलावा स्टेशन परिसर पर गंदगी एवं शौचालय की स्थिति भी साफ नहीं है।

सफाई नियमित नहीं की जा रही है। उच्च शतरीय समीक्षा कराने की मांग विधायक ने पत्र में लिखा कि स्टेशन पर जलभराव हो जाता है। इससे लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है। उन्होंने पत्र में रेल मंत्री से मांग की कि गाजियाबाद रेलवे स्टेशन की कार्यप्रणाली की उच्च शतरीय तत्काल समीक्षा कराई जाए। इसको लेकर एक उच्च शतरीय समिति गठित की जाए, जो निरीक्षण कर स्टेशन की सफाई एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा पर निगरानी रखें।

### एमएमजी अस्पताल की नई बिल्डिंग के निर्माण को कमेटी का गठन

**एनसीआर टुडे. गाजियाबाद।** एमएमजी अस्पताल में नई बिल्डिंग के निर्माण की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसके लिए अस्पताल के सीएमएस की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर दिया है। कमेटी में सभी अस्पतालों के सीएमएस, सीएमओ के प्रतिनिधि और विभागीय सिविल इंजीनियर को शामिल किया गया है। टीबी अस्पताल को तोड़ने और वहां से निकलने वाले मलबे की नीलामी की प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से पूरा कराने में कमेटी मॉनिटरिंग करेगी।

## शहर से ग्रामीण क्षेत्रो तक सुनाई दे रही गणपति बप्पा मोरिया की गूंज

✷ **एनसीआर टुडे. नगीना** ✷

नगीना के मोहल्ला सरायमीर में स्थित भोलानाथ मन्दिर , नगीना में गणपति सेवा मंडल के द्वारा गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना कर, भोग लगाया, गया मंत्रोच्चार के बाद प्रसाद वितरित किया गया। यह धार्मिक आयोजन भक्तों द्वारा गणपति की कृपा प्राप्त करने और सुख-समृद्धि की कामना करने के लिए किया गया।

गणपति सेवा मंडल के अध्यक्ष पवन कम्बोजिया व शलभ अग्रवाल ने स्थानीय भोला नाथ मंदिर सरायमीर में गणेश जी की पूजा अर्चना पंडित ओमप्रकाश शास्त्री के द्वारा विधि विधान के अनुसार गणेश चतुर्थी पर गणेश जी की स्थापना की गई है जिसमें गणपति सेवा मंडल द्वारा भगवान गणेश की रोज पूजा-अर्चना, की जा रही है। यह कार्यक्रम गणेश चतुर्थी के अवसर पर हर वर्ष किया जाता है। यह एक धार्मिक अनुष्ठान है, जिसमें बप्पा का स्वागत ढोल-नगाड़े और पुष्प वर्षा से किया जाता है, और अगले 10 दिनों तक गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जाता हैं।

गणेश चतुर्थी पर्व पर नगीना शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो तक गणपति बप्पा मोरिया की गूंज सुनाई दे रही है। शहर में युवाओं श्रद्धालुओं द्वारा कई स्थानों पर गणेश पंडाल बनाए गए। इन पंडालों में प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर गणपति सेवा मंडल के अध्यक्ष पवन कम्बोजिया व शलभ अग्रवाल प्रमोद चौहान राघव बंसल गर्वित चोपड़ाअनुरागवर्मायश कुमार उज्जवल चंदा कार्तिक कुमार शर्मा आदि लोगो ने उपस्थित होकर भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

## भोलू कुरैशी ने डबल ट्रैप शॉटगन में स्वर्ण पदक एवं पचास मीटर परोन मास्टर में जीता सिल्वर पदक






✷ **एनसीआर टुडे. बिजनौर** ✷

23 वी चैंपियनशिप स्टेट उत्तराखंड राइफल एसोसिएशन देहरादून में आयोजित हुई। जिसमे जलालाबाद निवासी महमूद अहमद उर्फ भोलू ने डबल ट्रैप शॉटगन व 50 मीटर प्रोन मास्टर में प्रतिभाग किया।

इसमें डबल ट्रैप मास्टर में स्वर्ण पदक व 50 मीटर प्रोन मास्टर में सिल्वर पदक हासिल किया। आपको बता दे की 22 अगश्त 2025 से 27 अगश्त 2025 तक प्रतियोगिता रही। प्रतियोगिता उत्तराखंड राइफल एसोसिएशन देहरादून के प्रांगण में हुई।

उत्तराखंड राइफल एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी सुभाष राणा की उपस्थिति में मुख्य अतिथि के द्वारा महमूद अहमद उर्फ़ भोलू को मेडल पहनकर सम्मनित किया गया।

जैसे ही महमूद अहमद उर्फ़ भोलू अपने आवास जलालाबाद पहुँचे तो क़स्बा वासियों ने डॉक्टर महमूद अहमद उर्फ़ भोलू का फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया।

वह एक दूसरों को मिठाई खिला कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर हाजी इसरार कुरेशी, हाजी इलियास कुरेशी, नीतीश चौधरी, आजाद अहमद, इकबाल मुन्ना, दानिश कुरेशी, नौशाद चौधरी, मोहम्मद तबरेज अहमद, शहजाद अहमद, मोहम्मद फरमान, अकबर अहमद, मंसूर अहमद, आदि मौजूद रहे।

# युवक व उसके साथियों पर मारपीट करने का आरोप

✷ **एनसीआर टुडे. गाजियाबाद** ✷



लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने एक युवक व उसके साथियों पर उसके और बच्चों के साथ मारपीट करने के आरोप लगाए है।

पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस आयुक्त से की। पुलिस ने मामले में छह नामजद समेत दस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में संगम विहार राजीव गार्डन कॉलोनी निवासी सुनीता के घर पर 24 अगश्त शाम करीब आठ बजे किरणपाल अपने 15 साथियों के साथ पहुंचा।

आरोप है कि उसने घर में मौजूद बच्चों के साथ लाठी डंडे से मारपीट करनी शुरु कर दी। शोर सुनकर वह मौके पर पहुंची तो उनके मुंह में पिस्टल रख दी। जिसके बाद आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। उन्होंने बताया कि आरोपी क्षेत्र में नशे का कारोबार करता है। वह मासूमों को नशे की लत डलवाकर उनसे मोटी रकम वसूलता है। उनके पुत्र को भी आरोपी ने नशे की लत लगवा दी है। अब आरोपी उनसे पांच लाख रुपये की मांग कर रहा है। महिला ने आरोप लगाया कि नशे का कारोबार पुलिस संरक्षण में चलाया जा रहा है।

उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस आयुक्त से की थी। सीओ अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर किरन पहलवान, गणेश, निशांत, प्रेमपाल, विकास, प्रशांत व दस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## एमएमजी अस्पताल के बाहर अतिक्रमण से परेशानी

✷ **एनसीआर टुडे. गाजियाबाद** ✷

एमएमजी अस्पताल के बाहर मुख्य गेटों के बीच ठेली-पटरी और ढ़ाबा संचालकों के अतिक्रमण से जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे एंबुलेंस के साथ मरीजों को निकलने में भी मशक्कत करनी पड़ती है।

अतिक्रण हटाने को लेकर अस्पताल प्रबंधक डीसीपी ट्रैफिक और नगरायुक्त को कई बार पत्र लिख चुके हैं, लेकिन हालात जस के तस हैं। एमएमजी अस्पताल जनपद का सबसे बड़ा चिकित्सालय है। अस्पताल में रोजाना ढाई से तीन हजार मरीज इलाज के लिए आते हैं। दुर्घटनाग्रश्त रोगियों को एंबुलेंस से इमरजेंसी से आवागमन में परेशानी हो रही है। दोनों मुख्य गेटों के सामने पुल के नीचे अनाधिकृत रूप से ई-रिक्शा एवं अन्य वाहन खड़े रहते थे। पुल के नीचे बैरिकेडिंग होने के बाद अवैध रूप से लगे ठेली-पटरी और ढ़ाबों ने अस्पताल के बाहर ही अपना ठीया बना लिया है। इससे जाम की स्थिति और भयावह हो गई है। अस्पताल के 100 मीटर का राश्ता पार करने के लिए वाहन चालकों को आधे घंटे का समय लग रहा है। यही नहीं, ई-रिक्शा समेत अन्य सवारी वाहन खड़े गोट के सामने खड़े होन से मरीजों को निकलने के लिए राश्ता नहीं रहता। मरीजों की समस्या को देखते हुए सीएमएस डा. राकेश कुमार ने एडीसीपी ट्रैफिक समेत नगरायुक्त को अतिक्रमण हटवाने के लिए पत्र लिखा है। सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ पुलिस चालानी कार्रवाई कर रही है।

# जमीयत उलमा हिन्द के ज़िला अध्यक्ष पद पर मुफ़्ती ओवैस अक़रम तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित



✷ **एनसीआर टुडे. नगीना** ✷

जमीयत उलमा हिंद का बृहस्पतिवार को नगर के रॉयल वैंकट हाल मे ज़िला का चुनावी सम्पन्न हुआ, जिसमें एक बार फिर मुफ़्ती मोहम्मद ओवैस अक़रम को 400 वोट मे 318 वोट मिले, उनके प्रतिद्वंदी स्योहारा निवासी मौलाना क़ामिल को 82 वोट मिले।

नाज़िम-ए-आला के लिए मुफ़्ती शम्सुद्दीन को पुनः चयनित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर मुफ़्ती इफ्तिख़ार किरतपुरी और मुफ़्ती मोहम्मद जावेद नजीबआबादी को चुना गया। ख़ज़ानची (कोषाध्यक्ष) के तौर पर मौलाना इक़रार बेग निर्वाचित हुए। इन सफलताओं को जहां सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों के लिए सम्मान माना जा रहा है, वहीं उन्हें एक बड़ी ज़िम्मेदारी भी समझा जा रहा है।

इस मौके पर सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। सदस्यों ने उन्हें दिली मुबारकबाद देते हुए देश और मिल्लत की तरक़्क़ी के लिए दुआएं कीं।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन श्रीमती ताहिरा खलील के बड़े पुत्र व नगर समाज़ सेवी शेख शहनवाज़ खलील, नगर युवा समाज़ सेवी हाज़ी शेख तंज़ील आलम, शेख शहराज़ ख़लील, मौलाना इल्यास, मुफ्ती अबरार, सईदुर रहमान, मौलाना वारिस, पूर्व सभासद अफजाल कुरेशी ठेकेदार, आलमगीर उस्मानी उर्फ खलीफा, अंज़ार सैफी, शददन ठेकेदार, शेख जमशेद ठेकेदार वसीमअंसारी एडवोकेट सहित नगर के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर युवा खिलाड़ियों ने हॉकी में दिखाया दम

✷ **एनसीआर टुडे. गाजियाबाद** ✷



महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में युवाओं और स्कूली बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ हॉकी में हिस्सा लिया।

जूनियर वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने मैदान पर शानदार प्रदर्शन कर सबका दिल जीत लिया। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के उपलक्ष में महामाया स्टेडियम में 28 से 31 अगश्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है।

शुक्रवार को महामाया स्टेडियम में जूनियर वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें जिले की कई स्कूलों की टीम ने हिस्सा लिया। शंभू दयाल इंटर कॉलेज और गुरुकुल स्कूल के बीच हॉकी का मुकाबला खेला गया, जिसमें दोनों टीम के खिलाड़ियों ने मैदान पर बेहतरीन तालमेल और तकनीकी कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया।

दोनों टीमों के खिलाड़ी गोल करने के लिए तत्पर नजर आए। बालक वर्ग में गुरुकुल स्कूल ने शंभू दयाल स्कूल को 2-0 से हराया। वहीं बालिका वर्ग में खेले गए फाइनल में ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय ने गुरुकुल स्कूल को हराकर खिताब जीता।

तीसरे स्थान पर जीकेजी इंटरनेशनल स्कूल रही। जिला खेल क्रीड़ाधिकारी अभिषेक धनुक ने बताया कि ऐसे प्रतियोगिता आयोजित करने का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रूचि बढ़ाना और मेजर ध्यानचंद के आदर्शों को जीवन में उतारना है।

प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की न केवल पहचान होती है, बल्कि इनमें अनुशासन, नेतृत्व की भावना भी विकसित होती है। शनिवार को एथलेटिक्स और फुटबॉल की भी प्रतियोगिता खेली जाएगी। चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन 31 अगश्त को पुरस्कार वितरण के साथ होगा।

खिलाड़ियों से लेकर स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण देखा महामाया स्टेडियम में बने अंतरराष्ट्रीय शतर के जूडो हॉल में लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने की व्यवस्था की गई थी। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में युवाओं को नियमित रूप से खेलों में भाग लेने, फिट रहने और टीम भावना को जीवन में अपने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मौजूद स्कूली बच्चों एवं स्थानीय खिलाड़ियों के चेहरों पर मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण देखने को लेकर उत्साह झलक रहा था। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को फिट रहने की शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को नियमित खेल में हिस्सा लेना चाहिए। खेल के माध्यम से युवा खुद को फिट रख सकते हैं।

मेजर ध्यानचंद युवा पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर जिला खेल क्रीड़ाधिकारी अभिषेक धनुक,जिला उप खेल क्रीड़ाधिकारी मधु अवस्थी, बॉक्सिंग प्रशिक्षक राजन आदि अन्य प्रशिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने आत्मरक्षा के गुर सीखे

✷ **एनसीआर टुडे. गाजियाबाद** ✷

पुलिस बल को सशक्त एवं कार्यक्षमता बढ़ाने की कड़ी में कवच संस्था की टीम द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को पुरूष पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। संस्था की टीम ने विषम परिस्थितियों में खुद को सुरक्षित रखने के टिप्स दिए।

एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि पुलिस बल की कार्यक्षमता को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल शुरू की गई। इसके तहत पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों आत्मरक्षा का का दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन गुरुवार को महिला पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

इसी कड़ी में शुक्रवार को पुरूष पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों को आपातकालीन परिस्थितियों में स्वयं को मजबूत बनाना तथा जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम बनाना है।

# दिल्ली-सहारनपुर रोड पर मलबा डालकर गड्ढे भरने का कार्य शुरू

✷ **एनसीआर टुडे. गाजियाबाद** ✷



दिल्ली सहारनपुर रोड पर शुक्रवार को मलबा डाल कर गड्ढे भरने का कार्य शुरू किया गया। नगर पालिका चेयरमैन ने किए जा रहे कार्य का निरीक्षण किया। वहीं लोनी विधायक ने भी कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

क्षेत्र में बरसात होने के बाद दिल्ली सहारनपुर रोड पर होने वाले जलभराव के चलते रोड कई स्थानों पर क्षतिग्रश्त हो गया था। रोड के क्षतिग्रश्त होने से लोगों को आवाजाही करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

लोगों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से रोड की मरम्मत किये जाने की मांग की थी। कुछ समय पूर्व जिलाधिकारी ने कार्यालय में जनप्रतिनिधि व नगर पालिका अधिशासी अधिकारी के साथ बैठक की थी। जिसमें नगर पालिका व विधायक निधि से मार्ग की मरम्मत कराए जाने पर सहमति बनी थी। शुक्रवार सुबह दिल्ली सहारनपुर रोड पर मार्ग के गड्ढे भरने का कार्य शुरू किया गया।

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी के के मिश्रा ने बताया कि विधायक निधि द्वारा मलबा डालकर रोड की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा अभी मार्ग की मरम्मत के लिए पैसे जारी नहीं किये गये है।

उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा रोड का निर्माण कार्य कराया जाएगा। उस समय नगर पालिका नालों से गंदे पानी की समुचित निकासी के लिए प्रबंध करेगी।

# घरों-पंडालों में विघ्नहर्ता का गुणगान

✷ **एनसीआर टुडे. गाजियाबाद** ✷

गणेश महोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को घरों और पंडालों में विघ्न हर्ता की पूजा-अर्चना के साथ गुणगान किया गया। मंडलियों ने बप्पा के भजन से माहौल को भक्तिमय कर दिया। सिद्धपीठ दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर में चार दिवसीय गणपति लड्डू महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ चल रहा है।

शुक्रवार को तीसरे दिन महंत नारायण गिरि के साथ मठ के सचिव महंत गिरिशानन्द गिरि, पं. महेश चंद्र वशिष्ठ, ऋषभ शर्मा और यूके इंग्लैंड से आए गजेन्द्र सिंह ने विशेष रूप से पूजा-अर्चना में भाग लिया।

महंत नारायण गिरि ने कहा कि भगवान गणेश की आराधना से जीवन में बुद्धि, संयम और सफलता प्राप्त होती है।

महोत्सव में दूधेश्वर विकास समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गर्ग एवं अनुज गर्ग का विशेष सहयोग रहा। दूधेश्वर श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल समेत सभी सदस्य ने भी गणपति की पूजा की।

पूजा-अर्चना दूधेश्वर वेद विद्यालय के आचार्य लक्ष्मीकांत पाढ़ी, अमित गोस्वामी, प्राचार्य तोयराज उपाध्याय, नित्यानंद, रोहित त्रिपाठी, अजय दाधीच, किशन और अनिल पाढ़ी ने मंत्रों के साथ संपन्न कराई। इसके अलावा रात्रि में रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रश्तुत किए गए।

इस दौरान झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। मीडिया प्रभारी एसआर सुथार ने बताया कि 30 अगश्त को गणपति की भव्य शोभायात्रा मंदिर से विभिन्न मार्गों से होते हुए मुरादनगर पहुंचेगी, जहाँ गणपति बप्पा को विदाई दी जाएगी।

गाजे-बाजे के साथ शनिवार को विदाई सोसाइटी के पंडालों में चार दिवसीय संकल्प लेकर आए श्रद्धालु शनिनार को गणपति बप्पा की विदाई करेंगे।

इसके अलावा वैशाली, राजेंद्र नगर, वसुंधरा, राजनगर एक्सटेंशन और क्रासिंग रिपब्लिक की कुछ सोसाइटियों के अलावा घरों से भी बप्पा को बैंड-बाजों के बीच विदा किया जाएगा।

कुछ श्रद्धालु हिंडन और कुछ मुरादनगर स्थित गंगनहर में मूर्ति का विर्सजन करेंगे।

# महापौर ने निगम में धरने वाले भाजपा पार्षदों की शिकायत की

✷ **एनसीआर टुडे. गाजियाबाद** ✷

निगम मुख्यालय में बढ़े हाउस टैक्स के मामले पर धरना देने वाले भाजपा पार्षदों की महापौर ने भाजपा महानगर अध्यक्ष से शिकायत की है। उन पर कार्रवाई करने के लिए कहा है।

महापौर सुनीता दयाल ने महानगर अध्यक्ष मंयक गोयल को पत्र लिखकर कहा कि 30 जून की बोर्ड बैठक में बढ़े हुए संपत्ति कर का प्रस्ताव निरश्त हो गया था। साथ ही निर्णय लिया गया कि किसी भी करदाता को नोटिस न भेजा जाए और दो माह में सभी संपत्तियों का सर्वे पूरा कर लिया जाए। इसके बाद चार जुलाई को पार्षद नीरज गोयल, गौरव सोलंकी, हिमांशु शर्मा, पूर्व पार्षद मनोज गोयल आदि कुछ पार्षदों ने बैठक कर दस दिन में बोर्ड की मिनिट्स की कॉपी उपलब्ध कराने की मांग की। इसके लिए उनकी तरफ से नगर आयुक्त को पत्र भेजा गया। इसके बाद यह पार्षद अन्य पार्षदों के साथ निगम मुख्यालय में तीन दिन तक रात और दिन धरना देकर बैठ गए। पार्षदों ने कुछ तथा कथित व्यापारी नेताओं से धरना-प्रदर्शन के लिए समर्थन मांगा। इस पर व्यापारी नेता निगम पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। महापौर ने देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। ऐसे में किसी भी पार्टी सदस्य द्वारा धरना-प्रदर्शन और नारेबाजी करना भाजपा सरकार के खिलाफ है। यह अनुशासनहीनता के दायरे में आता है। इस विषय पर कार्रवाई नहीं होती तो इसी प्रकार अन्य निगमों में भी भाजपा पार्षद अनुशासनहीनता करेंगे। महापौर ने पत्र में पार्टी महानगर अध्यक्ष से कहा यह गंभीर विषय है आपसे आवश्यक कार्रवाई अपेक्षित है।

## संपादकीय

# संघ का त्रिदिवसीय व्याख्यान - सहमतियों के बिंदुओं की खोज

अब ऐसा तो हो नहीं सकता न! कि, कलियुग में भी श्रीकृष्ण पुनि-पुनि जन्मते ही रहें। कलियुग में तो इस प्रकार का विमर्श व प्रबोधन ही समय-समय पर किया जा सकता है। दिल्ली में हो चल रही त्रि-दिवसीय व्याख्यान माला को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. श्रीमान मोहनराव भागवत संबोधित कर रहे हैं। 'संघ के से वर्ष पर, 26-28 अगश्त, 2025 तक चल रही इस व्याख्यानमाला के प्रथम दिवस में सरसंघचालक ने कहा, "गुरुनानक देव की वाणी में मिलता है खुरासान ख़समाना किया, हिंदुस्तान डराया। उन्होंने बाबर के अत्याचारों का वर्णन किया है और कहा है न हिंदू महिलाओं का शील बचा, न मुस्लिम महिलाओं की अस्मत बची।

फिर इसी तारतम्य में कहा -अपना स्वाभाविक धर्म क्या है? समन्वय – संघर्ष नहीं। और फिर इसी विषय में वे बोले -चालीस हज़ार वर्ष पूर्व से भारत के लोगों का डीएनए एक है। हमारी संस्कृति एक है, मिलजुल कर रहने की। अंत में इस विषय को इस वाक्य से मन्त्रसिद्ध किया -इस देश में हिन्दू, मुसलमान, बौद्ध आदि-आदि आपस में संघर्ष नहीं करेंगे; इसी देश में जिएँगे, इसी देश में मरेंगे।

सरसंघचालक जी की इस बात को मैं इस अर्थ में लेता हूँ कि, आज हमें सहमतियों और असहमतियों के बिंदु खोजने होंगे। असहमतियों के बिंदु खोजना और उन बिंदुओं पर विचार विमर्श कर सहमति का निर्माण करना ही युगधर्म व राष्ट्रधर्म है। हमारी 'नहीं' को संपूर्ण अर्थों में 'नहीं' ही समझा जाए, यह आग्रह अब सस्वर हिंदू समाज, मुस्लिम समुदाय के समक्ष रखना चाहता है। हिंदू समाज के आग्रहों के विषय में 'नहीं' को 'हाँ' बताने हेतु अनावश्यक कुतर्क नहीं आने चाहिए। गौरक्षा जैसी मासूम, कोमल सी बातों को मासूमियत से मानने, भोलेपन से स्वीकारने से और कुतर्क न करने से ही नव इतिहास निर्मित होगा। यदि हमारा भारतीय समाज इन कथित नरेटिव्ज के प्रति जागृत नहीं होता और सरकार सावधान नहीं होती तो ये कथित बुद्धिजीवी व अर्बन एक्टिविस्ट तो भारत में सप्रयास गृहयुद्ध ही करवा देते। संघ के इस जैसे प्रबोधन कार्यक्रमों का उद्देश्य हिंदू-मुस्लिम के आग्रह-दुराग्रह, सहमति-असहमति, मति-विमति, विश्वास-अविश्वास, दूरी-समीपता, संवाद-चूप्पी, घटनाएं-दुर्घटनाएं आदि आदि पर चर्चा करने और एक दिशा में संग-संग बढ़ने हेतु ही होता है।

यहां इस बात का दोहराव आवश्यक है कि हम हिंदुओं की असहमति के बिंदु इस्लाम, नमाज, पैगम्बर, मस्जिद, कब्र, दरगाह, मदरसे आदि आदि कतई नहीं है। यदि राष्ट्र निर्माण के विषय, डीएनए के अनुरूप होकर, मदरसो में केंद्रीय विषय बनते हैं, तो, मदरसे से भी हमें असहमति नहीं है! इस देश के एक सौ बीस करोड़ लोगों को व्यक्तिगत असहमति है काफिर पुकारे जाने से। असहमति है -लव जिहाद से, गौ हत्या से, लैंड जिहाद से, देश विभाजन की सोच से, हिंदू कन्याओं के अपहरण करने और उन्हें बरगलाने से। हमें असहमति है देश के भीतर पाकिस्तान बनाने से। जनसंख्या असंतुलन बढ़ाने से भी हमें घोर असहमति है।

इस देश के वीरों की, हुतात्माओं की उपेक्षा और विदेशी आक्रांताओं के महिमामंडन से असहमति है। इस देश पर हम पुनः शासन करेंगे इस सोच से असहमति है। कसाब जैसों से सहानुभूति प्रत्येक भारतीय को बुरी लगनी चाहिए, चाहे हिंदू हो मुसलमान। रसखान से लेकर अब्दुल कलाम जी तक की पुष्पमाला भी कोई छोटी मोटी नहीं है। अशफाकुल्ला खां जैसी हुतात्माएं इस माला के प्रमुख पुष्प हैं। इस पुष्पमाला की चर्चा और प्रशंसा करने में भी कुछ को आपत्ति होती है! यह आपत्ति भी असहमति का एक बिंदु है। रसखान से लेकर अब्दुल कलाम तक की पुष्पमाला को अपना आदर्श नहीं मानते हैं, तो इससे असहमति है।

अकबर-औरंगजेब जैसे विशुद्ध बाहरी शासकों से हमें असहमति है। तैमूर खां जैसे नाम रखना भला किसे अच्छा लगता होगा? इस देश से प्यार, दुलार लिया जाए; इस देश से अकूत संपत्ति कमाई जाए और फिर कहा जाए -"भारत देश रहने योग्य नहीं है -भारत में रहने में हमें भय लगता है"; इस प्रकार की बातों से असहमति है। इस प्रकार के जुमले हिंदू मानस को भावनात्मक रूप से तोड़ देते हैं। इस प्रकार की घटनाओं से यह सहज प्रतिक्रिया निकलती है कि, रहने योग्य नहीं है तो, 'यह देश छोड़ दो'! फिर कथित प्रगतिशील मीडिया इस पर बहस कराता है और कट्टर हिंदुत्व की बातें कहता है। एक भावनात्मक चोट का उत्तर इस प्रकार भावनात्मक आवेग से ही आयेगा, इसे स्वीकार कीजिए! यह मानवीय गुण है।

हिंदुत्व कट्टर हो नहीं सकता; इस तथ्य को शताब्दियों ने अकाट्य रूप से स्थापित किया हुआ है। भारत व भारतीयता के विरुद्ध इस प्रकार के प्रलाप करने वालो या विधवा विलाप करने वालो के विरुद्ध जब मस्जिदों से फतवे जारी नहीं होते हैं, तब असहमति उत्पन्न होती है। देश का मुस्लिम नेतृत्व व उच्च वर्ग जब इन जैसे अलगाववादियों के विरुद्ध प्रतिक्रिया नहीं देता है; तब असहमति होती है, तब बुरा लगता है हमें। इस देश के विरुद्ध आने वाले व्यक्तव्यों के प्रति मुस्लिम समाज की, मस्जिदों की, मुल्ला-मौलवी-उलेमाओं की चुप्पी से असहमति है। हिंदू-मुस्लिम असहमतियों के इन बिंदुओं पर जो लोग अनर्गल सेकुलरिज्म का प्रलाप करके सहमति नहीं बनने देते हैं, उन लोगों से असहमति है। हिंदुओं की छोटी छोटी सी मासूम, कोमल सी भावनाओं का अनादर करने वालों से असहमति है।

सेना पर पत्थर बरसाने से स्वयं मुस्लिम समाज का एक बड़ा धड़ा असहमत है। राष्ट्रीयता के विचार के साथ चल रहे कुछ मुस्लिमों का और पत्थरबाजी का विरोध कर रहे कुछ देश प्रेमी मुसलमानों का विरोध स्वयं मुस्लिम समाज के ही कुछ कट्टरपंथियों द्वारा करने से असहमति है। कुछ शांतिप्रिय और राष्ट्रीयता की सोच वाले मुस्लिम बंधुओं के विरुद्ध हिंसा और मारकाट की धमकियों से असहमति है। शेष समूचे जीवन, दर्शन, विचार, मज़हबी आस्था, पूजा पद्धति, से सहमति है। हम इन सहमतियों के साथ अनंतकाल तक संग-संग चल सकते हैं, इस बात पर सहमति बननी चाहिये। तो आइए सहमति बनाएं!

# बारूद के एक ढेर पर बैठी है, ये दुनिया!

**रमाकांत नाथ**

अब तक, यूक्रेन से लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं और कई घायल हुए हैं। रूसी सेना ने यूक्रेन के लगभग 20 प्रतिशत भू-भाग पर नियंत्रण कर लिया है, जबकि रूस यूक्रेन से औद्योगिक रूप से समृद्ध डोनेट्स्क क्षेत्र को छीनने की कोशिश कर रहा है। अगर इस युद्ध को नहीं रोका गया, तो यह विश्वयुद्ध में बदल सकता है और पूरी मानव सभ्यता के लिए एक भयानक आपदा बन सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच 'अलास्का शिखर सम्मेलन' हो गया है। कई लोग कहने लगे हैं कि इस बैठक का नतीजा कु छ भी नहीं निकला। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शब्दों से यह स्पष्ट हो गया है कि वे 'शिखर सम्मेलन' में किसी नतीजे की उम्मीद लेकर नहीं आए थे। तो यह 'शिखर सम्मेलन' क्यों आयोजित किया गया, जिससे कोई नतीजा नहीं निकल सका या रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने का कोई समाधान नहीं निकल सका?

पूरी दुनिया 'अलास्का शिखर सम्मेलन' के नतीजों का इंतज़ार कर रही थी और उम्मीद कर रही थी कि 3 साल से ज़्यादा समय से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध को रोका जा सकेगा। साथ ही, उन्हें उम्मीद थी कि दुनिया को एक संभावित महायुद्ध, परमाणु युद्ध से बचाया जा सकेगा। हालांकि अलास्का में दुनिया की उम्मीदों के मुताबिक नतीजे नहीं मिले, लेकिन यह कहा जा सकता है कि इस वार्ता ने रूस और यूक्रेन के बीच अगले 'शिखर सम्मेलन' और शांति वार्ता का मार्ग प्रशश्त किया है और रूस, यूक्रेन के बीच शांति संधि पर सहमत होने के लिए अनुकूल माहौल बनाया है।

अगर हम इसे दूसरे नजरिए से देखें, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि अलास्का वार्ता विश्व में शांति स्थापित करने, रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने, संभावित विश्वयुद्ध को रोकने, संभावित परमाणु युद्ध के प्रभावों से दुनिया को बचाने जैसे मुद्दों पर नहीं थी। दुनिया की दो महाशक्तियां, अमेरिका और रूस, लंबे समय के बाद आमने-सामने आईं और एक-दूसरे का अध्ययन किया। अप्रत्यक्ष रूप से यह कहा जा सकता है कि अपने-अपने साम्राज्यों की सुरक्षा और विश्तार तथा दोनों विश्व नेताओं की तानाशाही और विश्व विजेता बनने की चाहत उन्हें अलास्का खींच लाई थी।

'अमेरिका को फिर से महान बनाने' (मागा) के नारे के साथ दूसरी बार सत्ता में आए ट्रंप को इस बात का अहसास नहीं था कि जिस तरह फीनिक्स पक्षी अपनी राख से उठ खड़ा होता है, उसी तरह पुतिन रूस को फिर से दुनिया की एक महान शक्ति बनाना चाहते हैं और यूक्रेन समेत उसके सभी विभाजित 14 क्षेत्रों को एकजुट करना चाहते हैं।

अलास्का वार्ता के बाद स्पष्ट हो गया है कि अमेरिका के प्रभाव, उकसावे, प्रतिक्रिया और व्यापार शुल्कों की धमकियों के तहत दुनिया में शांति स्थापित करना संभव नहीं होगा। वैसे भी ट्रम्प अपनी 'नोबेल पुरस्कार' की जिद के कारण पुतिन की बातों से सहमत होने के लिए मजबूर हो गए हैं।

दुनिया के दो प्रमुख नेताओं का एक साथ आना और विश्व शांति के लिए एक मसौदा तैयार करना महत्वपूर्ण घटना थी। तीन घंटे की बैठक के दौरान, रूसी राष्ट्रपति पुतिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से ज़्यादा प्रभावशाली दिखाई दिए। पुतिन 'शिखर सम्मेलन' से पहले रखी गई अपनी शर्तों पर अडिग रहे और राष्ट्रपति ट्रम्प पुतिन को प्रभावित नहीं कर पाए।

बल्कि, ट्रंप को यह मानने पर मजबूर होना पड़ा कि रूस का अपनी सीमा सुरक्षा को लेकर चिंतित या सक्रिय होना गलत नहीं है। संक्षेप में, ट्रंप ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदीमीर ज़ेलेंस्की को यह संदेश दे दिया है कि रूस एक महाशक्ति है। इसलिए उससे बहस करने की बजाय, उसकी बातों में आना या उसकी इच्छा के अनुसार काम करना बेहतर होगा।

ट्रंप-पुतिन वार्ता के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति



और रूसी राष्ट्रपति अगले महीने शांति वार्ता के लिए मास्को में फिर मिलेंगे। इस वार्ता में यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के शामिल होने की भी संभावना है, लेकिन जब ज़ेलेंस्की पुतिन की शर्तें मानने को तैयार नहीं हैं, तो यह उम्मीद कम ही है कि ज़ेलेंस्की 'मास्को शिखर सम्मेलन' में रूस-यूक्रेन युद्ध का कोई समाधान निकालेंगे।

विश्व में युद्ध और आतंक के भय को बढ़ाने में यदि किसी का सबसे अधिक योगदान रहा है, तो वह अमेरिका ही है। यह आश्चर्यजनक है कि अमेरिका विश्व में शांति स्थापित करने के लिए आगे आया है।

वियतनाम से लेकर, मध्य पूर्व में ईरान और इराक के बीच युद्ध, सोवियत संघ के प्रभाव को समाप्त करने और अफगानिश्तान में लोकतंत्र स्थापना के नाम पर नरसंहार, इराक के खनिज संसाधनों पर कब्जा करने के लिए सद्दाम हुसैन की हत्या, तानाशाही उन्मूलन की आड़ में अपनी तानाशाही महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति और हथियारों के व्यापार को बढ़ाने के लिए देशों के बीच संघर्ष, गृहयुद्ध आदि भड़काने में अमेरिका के योगदान को कोई नकार नहीं सकता।

अमेरिका द्वारा भड़काई गई कई हिंसक घटनाओं, जैसे -गाजा, फिलिश्तीन में इजरायल द्वारा नरसंहार, ईरान में युद्ध, सीरिया में गृहयुद्ध आदि के बरक्स शांति का अग्रदूत बनना विश्व के लोगों के लिए अमेरिका का एक धोखा मात्र है। इसी प्रकार, सोवियत संघ और बाद में रूस द्वारा विश्व मंच पर अपना प्रभाव बढ़ाने के प्रयासों ने भी अनेक युद्धों और गृहयुद्धों का सामना कराया है। दो वैश्विक शक्तियों, अमेरिका और रूस के बीच तीसरी शक्ति के रूप में चीन के उदय और एशिया सहित संपूर्ण विश्व के व्यापार पर एकाधिकार की चाहत ने आर्थिक असंतुलन को जन्म दिया है।

अमेरिका बनाम रूस-चीन, अमेरिका-चीन बनाम रूस, अमेरिका-रूस बनाम चीन का समीकरण बन जाएगा, यह कहना संभव नहीं है। यह असंभव नहीं है कि इन तीनों शक्तियों के संघर्ष के बीच विश्व के राष्ट्र दो या तीन गुटों में बंट जाएं। भारत एक समय अपनी 'गुटनिरपेक्ष नीति' के माध्यम से 'तीसरी शक्ति' के रूप में उभरा था।

आज, जब गुटनिरपेक्ष सोच समाप्त हो चुकी है, तो यह विश्व शांति स्थापित करने और महाशक्तियों के प्रभाव से बचने का एक विकल्प हो सकता है। भारत को इसी सोच के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है, लेकिन भारत की वर्तमान विदेश नीति और विश्व के साथ संबंधों ने उसे उसकी महान सोच से दूर कर दिया है।

फरवरी 2022 में शुरु हुए रूस-यूक्रेन युद्ध में अब तक यूक्रेन के लगभग 50, 000 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि रूस में मरने वालों की संख्या 15, 000 से अधिक है। अब तक, यूक्रेन से लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं और कई घायल हुए हैं।

रूसी सेना ने यूक्रेन के लगभग 20 प्रतिशत भू-भाग पर नियंत्रण कर लिया है, जबकि रूस यूक्रेन से औद्योगिक रूप से समृद्ध डोनेट्स्क क्षेत्र को छीनने की कोशिश कर रहा है। अगर इस युद्ध को नहीं रोका गया, तो यह विश्वयुद्ध में बदल सकता है और पूरी मानव सभ्यता के लिए एक भयानक आपदा बन सकता है। जिस तरह जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहर परमाणु बम विस्फोट में लोगों से खाली हो गए थे, उसी तरह यह कहना संभव है कि दुनिया के परमाणु-अस्त्र संपन्न देश अपनी शक्ति से पृथ्वी को बार-बार नष्ट कर सकते हैं।

ऐसी तबाही से पहले, दुनिया को इन शक्तियों के हाथों से बचाना होगा। यह केवल विश्व नेताओं के बीच शांति वार्ता से संभव नहीं होगा। जब विश्व में शांति बनाए रखने और राष्ट्रों के बीच विवादों को सुलझाने के लिए गठित 'संयुक्त राष्ट्र संघ' निष्क्रिय हो गया है, तो विश्व के लोगों को विश्व को बचाने के लिए आगे आना चाहिए।

**(लेखक ओडिशा के वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं)**

# भारत के रूस से तेल खरीदने को वैश्विक बाजार का समर्थन

**के रवींद्रन**

वाशिंगटन के दंडात्मक शुल्क, जिनका उद्देश्य भारत को इन ख़रीदों से रोकना है, उसी क्षेत्र पर शायद बहुत कम प्रभाव डाल रहे हैं जिसे वे प्रभावित करना चाहते थे। टैरिफ़ का असर तेल बाज़ार में नहीं, बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका को भारतीय निर्यात के क्षेत्र में है। नई दिल्ली के लिए अमेरिका सबसे बड़े और सबसे आकर्षक बाज़ारों में से एक बना हुआ है।

वैश्विक तेल बाजार अब तक झटकों को झेलने में माहिर हो चुका है, वैश्विक तेल बाजार ने अशांति पैदा करने के बजाय, भारत द्वारा रूसी तेल खरीद पर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा लगाए गए दंडात्मक शुल्कों को सहजता से लिया है।

कच्चे तेल की कीमतों में कोई असाधारण बदलाव नहीं आया है। यह शांति दर्शाती है कि व्यापारियों और निवेशकों ने पहले ही भारत के रूसी तेल को छोड़ने के अमेरिकी दबाव में न झुकने के फैसले को ध्यान में रखा था।

कारण काफी सीधा है। भारत के लिए, रियायती दरों पर रूसी तेल तक पहुंच केवल एक आर्थिक सुविधा ही नहीं, बल्कि एक रणनीतिक आवश्यकता भी है। आने वाले वर्षों में देश की ऊर्जा मांग के किसी भी अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्था की तुलना में तेज़ी से बढ़ने का अनुमान है।

इसलिए विश्वसनीय और किफ़ायती आपूर्ति श्रृंखलाएं सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। पश्चिमी प्रतिबंधों और यूरोपीय बाज़ारों तक पहुंच में कमी के दबाव में, मास्को ने स्वेच्छा से एक सश्ते आपूर्तिकर्ता की भूमिका निभाई है और भारत को ऐसी दरों पर कच्चा तेल उपलब्ध कराया है जिसका विरोध करना मुश्किल है।

रूसी तेल खरीदकर, भारत न केवल बढ़ती वैश्विक कीमतों से अपनी अर्थव्यवस्था को बचाता है, बल्कि रूसी आपूर्ति के एक बड़े हिस्से को अवशोषित करके वैश्विक तेल बाज़ार पर एक स्थिर प्रभाव भी डालता है, जो अन्यथा अस्थिरता का कारण बन सकता था।

विडंबना यह है कि वाशिंगटन के दंडात्मक शुल्क, जिनका उद्देश्य भारत को इन ख़रीदों से रोकना है, उसी क्षेत्र पर शायद बहुत कम प्रभाव डाल रहे हैं जिसे वे प्रभावित करना चाहते थे।

टैरिफ़ का असर तेल बाज़ार में नहीं, बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका को भारतीय निर्यात के क्षेत्र में है। नई दिल्ली के लिए अमेरिका सबसे बड़े और सबसे आकर्षक बाज़ारों में से एक बना हुआ है, खासकर कपड़ा, दवा, आईटी सेवाओं और इंजीनियरिंग वश्तुओं जैसे क्षेत्रों के लिए। दंडात्मक टैरिफ़ ने अनिश्चितता का माहौल पैदा कर दिया है, जिससे अमेरिकी मांग पर अत्यधिक निर्भर भारतीय व्यवसायों की संभावनाओं पर असर पड़ा है।


भारतीय निर्यातकों को अब अमेरिकी बाज़ार में प्रवेश की उच्च बाधाओं और ऐसे दंडों के अधीन न आने वाले देशों के प्रतिद्वंद्वियों के सामने प्रतिस्पर्धात्मकता खोने की संभावना की दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए, जो पहले से ही मुद्रास्फीति के दबाव और महामारी के बाद की आर्थिक बहाली की चुनौतियों से जूझ रहे हैं, यह एक बड़ा झटका है।

दीर्घकालिक निहितार्थ और भी महत्वपूर्ण हो सकते हैं। यदि टैरिफ व्यवस्था जारी रहती है, तो भारतीय निर्यातकों को अपने व्यापार पैटर्न को पुनर्निर्देशित करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, और वे यूरोपीय, अफ़्रीकी और एशियाई बाजारों तक अधिक पहुंच की तलाश कर सकते हैं।

हालांकि व्यापार का विविधीकरण स्वाभाविक रूप से नकारात्मक नहीं है, लेकिन अमेरिका से दूर जाने की अचानक आवश्यकता स्थापित व्यावसायिक मॉडलों को बाधित कर







सकती है और संक्रमणकालीन कठिनाइयां पैदा कर सकती है। इसके अलावा, यह जोखिम भी है कि अमेरिकी कंपनियां स्वयं इसका प्रभाव महसूस करेंगी, क्योंकि फार्मास्यूटिकल्स और आईटी सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों में भारतीय आपूर्ति श्रृंखलाएं अमेरिकी व्यावसायिक हितों से गहराई से जुड़ी हुई हैं। टैरिफ भारतीय निर्यातकों को दंडित करके जो हासिल करता है, वह अमेरिकी उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए लागत बढ़ाकर उसे उतना ही नुकसान पहुंचा सकता है।

रूसी तेल पर नई दिल्ली का रुख प्रतिस्पर्धी गुटों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखने के उसके व्यापक विदेश नीति सिद्धांत के अनुरूप है। भारत के लिए, ऊर्जा सुरक्षा इतनी महत्वपूर्ण है कि इसे कूटनीतिक दबाव की वेदी पर बलिदान नहीं किया जा सकता, खासकर जब किफायती विकल्प सीमित हों।

रियायती रूसी तेल भारत की अर्थव्यवस्था को ऐसे समय में महत्वपूर्ण राहत प्रदान करता है जब मुद्रास्फीति का जोखिम अधिक है और देश विकास के श्तर को बनाए रखने के लिए प्रयासरत है।

वाशिंगटन की उम्मीदें और नई दिल्ली की गणनाओं के बीच यह अन्तर बदलती वैश्विक व्यवस्था की भी याद दिलाती है। शीत युद्ध के बाद का दौर, जब संयुक्त राज्य अमेरिका अपने प्रतिबंधों के अनुरूप साझेदारों पर भरोसा कर सकता था, एक अधिक खंडित और बहुधुरवीय व्यवस्था का मार्ग प्रशश्त कर रहा है।

भारत जैसे देश, जिनकी आर्थिक और जनसांख्यिकीय ताकत उन्हें भविष्य के वैश्विक विकास का केंद्र बनाती है, स्वतंत्र निर्णय लेने के अपने अधिकार पर ज़ोर दे रहे हैं। यह तथ्य कि तेल बाजार ने लचीलापन और यहां तक कि मूल्य स्थिरता दिखाकर भारत के विकल्प को प्रभावी ढंग से मान्य किया है, इस वाश्तविकता को और पुष्ट करता है।

अल्पकालिक उथल-पुथल और दीर्घकालिक रुझानों के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर भी है। अल्पावधि में, टैरिफ निस्संदेह भारतीय निर्यातकों के लिए परेशानी का कारण बनेंगे। लेकिन लंबी अवधि में, रूसी कच्चे तेल को अवशोषित करने में भारत की स्थिर भूमिका वैश्विक ऊर्जा कूटनीति में उसके प्रभाव को बढ़ा सकती है।

नई दिल्ली ने पहले ही प्रमुख उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच एक विश्वसनीय मध्यस्थ के रूप में अपनी स्थिति बनाना शुरू कर दिया है, और अनुकूल सौदे हासिल करने के लिए अपनी बढ़ती ऊर्जा भूख को सौदेबाजी के हथकंडे के रूप में इश्तेमाल कर रहा है। अमेरिका और उसके सहयोगियों के साथ मज़बूत संबंध बनाए रखते हुए रूसी तेल ख़रीदना जारी रखकर, भारत विरोधाभासों से निपटने की अपनी क्षमता प्रदर्शित करता है-एक ऐसा कौशल जो उभरते वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में उसके लिए उपयोगी साबित हो सकता है।

कच्चे तेल की कीमतों में आई सुश्ती बाज़ारों के बारे में एक गहरी सच्चाई को भी रेखांकित करती हैः बाज़ार राजनीतिक दिखावे से कम, आपूर्ति और मांग के मूल सिद्धांतों से ज़्यादा प्रभावित होते हैं। व्यापारी अच्छी तरह जानते हैं कि जब तक भारत रूसी तेल का आयात करता रहेगा, वैश्विक आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा स्थिर रहेगा।

ये शुल्क, राजनीतिक दृष्टि से नाटकीय होते हुए भी, इस मूलभूत वाश्तविकता को नहीं बदलते। इससे अमेरिका की विश्वसनीयता कम होने का ख़तरा है, क्योंकि बाज़ार प्रभाव की कमी को ऐसे उपायों की सीमित प्रभावशीलता के प्रमाण के रूप में देखा जा रहा है। इच्छित व्यवधान और वाश्तविक स्थिरता के बीच का अंतर अन्य देशों को भी भारत के उदाहरण का अनुसरण करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है, जो बाहरी दबाव पर राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हैं।

# आबादी पर सरकार की उदासीनता विनाशकारी



अर्जुन देशप्रेमी

28 अगश्त को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर आर एस) के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित व्याख्यानमाला कार्यक्रम '100 वर्ष की संघ यात्राः नए क्षितिज' के तीसरे दिन संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जिस तरह से इस मुद्दे को लेकर बात की है, उसने इस मुद्दे पर फिर से बहस छेड़ दी है।

इसपर न सिर्फ विचार करने की जरूरत है, वरन इसपर नियंत्रण के लिए जरूरी उपायों को लेकर आवश्यक कदम उठाने के लिए तत्काल कानून लाने की आवश्यकता भी है। दुखद बात यह है कि देश की बढ़ती आबादी को लेकर मोदी सरकार से जो उम्मीदें थी, उनपर भाजपा की मोदी सरकार पूरी तरह विफल रही है। उसकी जो नीतियाँ पिछले 11 सालों में सामने दिखी हैं, वह देश को विनाश की ओर ही ले जाती दिख रही हैं। संघ की तरफ से भी इस मुद्दे पर जिस तरह से सरकार पर दबाव डालने की जरूरत थी, उसमे संघ भी फेल रहा है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि 'हम दो और हमारे तीन' की नीति होनी चाहिए। पर यह बयान देते समय संघ प्रमुख ने अल्पकालिक लाभ ही देखे हैं, न कि दीर्घकालिक। उन्होंने कहा कि दुनिया में सब शास्त्र कहते हैं कि जन्म दर 3 से कम जिनका होता है वो धीरे धीरे लुप्त हो जाते हैं। भारतवर्ष के प्रत्येक नागरिक को ये देखना चाहिए कि अपने घर में 3 संतान होने चाहिए। मोहन भागवत ने आगे कहा कि देश का एवरेज 2.1 है। यह गणित में होता है, लेकिन मनुष्यों में 2.1 का मतलब तीन। भागवत जी की सोच तो जनसँख्या का विस्फोट ही करा देगा। 2.1 का मतलब है कि औसत में 2.1 होना चाहिए। मतलब किसी के एक, किसी के 2 किसी के 3 तो किसी के 4 बच्चे हों जिसका औसत 2.1 हो। 145 करोड़ वाली जनसँख्या वाले देश में प्रजनन दर के मामले में 2.1 और 3 में बहुत बड़ा अंतर होता है। सबके 3 हुए तो यह विनाशकारी हो जायेगा। फिर तो जनसँख्या बेतहाशा बढ़ती ही चली जाएगी औए एक दिन ऐसा आएगा जब देश में लोगों के लिए न पर्याप्त जमीन बचेगी, न दूसरे संसाधन।

असल में देखा जाये तो देश में बढ़ती जनसँख्या को लेकर सरकारों ने कभी भी पूरे मन से कदम नहीं उठाये और वोट के लालच में देशहित को ताखे पर रखते रहे। कहने को तो आज़ादी के तुरंत बाद ही इसे एक बड़ी समस्या के रूप में पहचान लिया गया और इसपर नियंत्रण के लिए बातें आरम्भ कर दी गयी। आज़ादी के समय जनसंख्या लगभग 35 करोड़ थी। भारत ने 1952 में ही दुनिया का पहला राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम अपनाया जिसका मुख्य उद्देश्य परिवारों को दो बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करना था। पर आज 73 साल बाद भी हो ये रहा है कि लोग और खासकर एक खास समुदाय के लोग, 10-10 या इससे भी ज्यादा बच्चे पैदा कर रहे है जिससे 35 करोड़ वाला देश आज 145 करोड़ का देश बन गया है। यह जनसँख्या आज भी लगातार तेज गति से बढ़ ही रही है और कुछ खास लोग, नेता, दल और समुदाय चाहता है कि जनसँख्या नियंत्रण की बात न कि जाये। जिसे जितना मन हो, बच्चे पैदा करने की छूट हो।

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने जन्म दर को नियंत्रित



करने के लिए आक्रामक कदम उठाने शुरू किये थे। पर इसको जिस तरीके से दमनकारी नीतियों से लागू किया गया, उससे उल्टा असर ही हो गया। फिर दुबारा किसी भी सरकार ने इसपर नियंत्रण के लिए कानून के बारे में सोचना ही छोड़ दिया।

नतीजा सामने है कि हम 35 करोड़ से बढ़कर 145 करोड़ हो गए हैं और बढ़ते ही जा रहे हैं। अगले 50 सालों तक तो कम से कम बढ़ते ही रहेंगे, बशर्ते इस बीच कोई ठोस कदम न उठा लिया जाये।

बार बार माना गया कि समग्र आर्थिक विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा भारत में जनसंख्या वृद्धि की खतरनाक दर है। बेतहाशा बढ़ी आबादी ने देश में भारी भरकम बेरोजगारी ला दी। आर्थिक कमर टूटने लगी और देश कंगाली की हालत में जाने लगा जिसे रोकने के लिए सरकार को देश का सोना विदेशों में गिरवी रखना पड़ा।

आई एम ऍफ़ की शर्तों के तहत हमें नीतियाँ बनानी पड़ी और रुपये का भारी अवमूल्यन करना पड़ा। पर देश में भारी भरकम आबादी के कारण बेतहाशा बेरोजगारी के कारण यहाँ श्रम सश्ता हो गया, मजदूर सश्ते मिलने लगे जिसके कारण विदेशी कम्पनियाँ यहाँ कारखाने लगाने लगी जिससे लोगों को रोजगार तो मिला, और तरक्की भी दिखी है।

अब इसी को लोग अब एक अलग नज़रिए से पेश कर रहे हैं कि यह बड़ी आबादी ही हमारी ताकत है। कुछ खास लोग, नेता, दल और समुदाय के लोग कहने लगे हैं कि इसके बल पर हम किसी को भी झुका सकते हैं। कम बच्चे होंगे तो हमारे यहाँ युवा जनसँख्या कम होगी, तो कम मजदूर होंगे, तो सश्ते मजदूर नहीं मिलेंगे, तो फिर हमारे यहाँ विदशी निवेश के लिये कोई क्यों आएगा?

उनका यह भी कहना है कि आज हमारा जी डी पी चीन से भी ज्यादा है, क्योंकि चीन बूढों का देश बनता जा रहा है जबकि हम युवाओं का। वे जापान के बूढों का उदाहरण भी दे रहे हैं। पर वे भूल जा रहे हैं कि आज तो हम युवाओं का देश हैं, पर यही जब बूढ़े होंगे तो हम दुनिया में बूढों की जनसँख्या वाले सबसे बड़े देश होंगे।

और तब हम कैसे उनको संभालेंगे? अमेरिका का क्षेत्रफल हमसे 3 गुना ज्यादा है और उनकी आबादी हमसे 4 गुना कम। फिर भी उनको समस्या होती है। ऐसे में सोचकर देखिये कि हमारी हालत क्या होगी। इसके उलट यदि हम कानून बनाकर या दूसरे तरीके अपनाकर अपनी जनसँख्या वृद्धि को अगले कुछ वर्षों में रोक दें या घटाना आरम्भ कर देते हैं, तो हमारी ज्यादातर समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाएँगी।

आबादी वृद्धि रूकने या घटने के साथ ही बेरोजगारी की समस्या घटने लगेगी, आयात घटने लगेगा, भोजन, मकान, पानी, ऊर्जा, सड़क, कपड़ा से लेकर ज्यादातर आवश्यक जरूरतों के लिए हमें किसी का मुंह नहीं ताकना होगा। भाजपा और संघ के नज़रिए से देखें तो डेमोग्राफी के बदलाव की समस्या पर भी काबू पाया जा सकेगा। अपनी बढती आबादी रोककर ही तो चीन आज बड़ी शक्ति बना है, न कि आबादी बढ़ाकर। भारत की तुलना में एक चौथाई जनसँख्या के बाद भी तो अमेरिका ही हमसे बेहतर है।

हमारी तुलना में मामूली जनसँख्या वाला देश फ़्रांस, इजराइल और रूस हमसे कितना आगे है। ऐसे में जरूरी है कि देश में ऐसे कानून लाये जाएँ जिससे आबादी का बढ़ना रुके या कम होना आरम्भ हो। उम्मीद है कि सरकार इसपर गंभीरता से विचार करेगी। फिलहाल तो सरकार जिस तरीके से इसपर उदासीन है, वह तो विनाशकारी ही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
**फोन:** 9899683800 वेबसाइट : www.khabariya.com **ई-मेल:** todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com **RNI-**UPHIN/2009/30721

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर बच्चों का उमड़ा उत्साह

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

कम्पोजिट विद्यालय बिनूपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का भव्य आयोजन किया गया। देश के महान हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचन्द की 121वीं जयन्ती पर विद्यालय परिसर खेल भावना और उत्साह से सरोबार रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से "फिटनेस प्रतिज्ञा" लेकर की। इसके बाद कबड्डी, दौड़, लंबी कूद, गोला फैंक जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का रोमांचक आग़ाज़ हुआ। अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मैदान तालियों व जयकारों से गूंज उठा।

प्रभारी प्रधानाध्यापक महेश चन्द्र ने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, टीमवर्क और शारीरिक फिटनेस के महत्व को समझाना है। "खेल केवल शारीरिक तंदुरुश्ती का साधन ही नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना का भी पाठ पढ़ाते हैं।" उन्होंने बच्चों को मेजर ध्यानचंद के आदर्शों पर चलने और खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय खेल दिवस का यह आयोजन बच्चों के लिए प्रेरणादायी अनुभव साबित हुआ। पूरे विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका प्रमिला आर्य, निवेदिता वार्ष्णेय, सुरेन्द्रपाल सिंह, पूजा माहौर आदि ने खेलकूद व्यवस्था एवं अनुशासन में योगदान दिया।

## पन्द्रह मिनट हुई तेज बारिश, सड़कों पर भरा पानी

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

शुक्रवार सुबह से ही मौसम सुहावना बना हुआ था और आसमान में काले घने बादल छाए हुए थे। दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। लगभग 15 मिनट तक तेज बारिश हुई, जिससे शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई।

अलीगढ़ में हल्की सी बारिश के बाद ही जलभराव की स्थिति बन जाती है और राहगीरों और आमजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर निगम हर साल दावे करता है कि बारिश में जलभराव की स्थिति नहीं बनेगी, लेकिन हर बारिश के बाद नगर निगम के दावे फेल हो जाते हैं। बारिश के दौरान सबसे ज्यादा बुरा हाल रामघाट रोड पर होता है। शहर की लाइफ लाइन कही जाने वाली रामघाट रोड पर थोड़ी सी ही बारिश के बाद पानी भर जाता है और लोगों को परेशानी होती है। शुक्रवार को भी हुई बारिश के बाद यही हाल हुआ और लोग परेशान होते रहे।

बीते दिनों बारिश हुई थी, जिसके बाद लगातार दो दिन से धूप निकल रही थी। ऐसे में जिले का तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। वहीं शुक्रवार को जब तेज बारिश हुई तो जहां मौसम में ठंडक आई और लोगों को उमस से राहत मिली।

## एएमयू जेएनएमसी में आणविक तकनीकों पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग में "मॉलिक्यूलर टेक्नीक्स इन पैथोलॉजी" विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में थर्मो फिशर साइंटिफिक, मुंबई के फील्ड एप्लिकेशन्स साइंटिस्ट डॉ. अखिलेश कुमार ने प्रस्तुति दी।

डॉ. कुमार ने बताया कि आणविक तकनीकें किस प्रकार डायग्नोस्टिक पद्धतियों में क्रांति ला रही हैं और चिकित्सा अनुसंधान को गति प्रदान कर रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आनुवांशिक विकारों, संक्रामक रोगों और कैंसर की पहचान में इन तकनीकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती जा रही है और आधुनिक प्रयोगशालाओं में इनकी आवश्यकता लगातार बढ़ रही है।

कार्यक्रम में हाल ही में प्राप्त पीसीआर मशीन का प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी शामिल था। जिसके दौरान डॉ. कुमार ने प्रतिभागियों को इसके संचालन और उपयोग के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया। सत्र में फैकल्टी सदस्यों, स्नातकोत्तर विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने गहरी रुचि दिखाई और सक्रिय संवाद किया।

# मेडिकल में हड़ताल पर गए डॉक्टर, दर्द में थे मरीज, गिड़गिड़ाते रहे तीमारदार, लौटना पड़ा मरीजों को

**अलीगढ़ , एजेंसी।** एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज में 28 अगस्त की रात 8:30 बजे विधि के दो छात्रों और जूनियर डॉक्टरों के बीच मारपीट के बाद इमरजेंसी सेवाएं ठप कर दी गईं। जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर चले गए। गुस्साए डॉक्टरों ने इमरजेंसी सेवा के गेट पर ताला डाल दिया। दूर दराज से आए मरीजों को लौटना पड़ा। विवाद के बाद मौके पर प्रॉक्टोरियल टीम के साथ पुलिस भी पहुंच गई।



दरअसल 28 अगस्त रात 8:30 बजे यूनिवर्सिटी के विधि विभाग का एक छात्र अपने साथी को लेकर मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में इलाज कराने पहुंचा था। शीघ्र दिखाने को लेकर विधि के दोनों छात्रों और जूनियर डॉक्टर के बीच बहस शुरू हो गई। बात बढ़ गई और मारपीट हो गई। इससे जूनियर डॉक्टर भड़क गए। उन्होंने इमरजेंसी सेवा के गेट पर ताला डाल दिया और हड़ताल पर चले गए। डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने से मरीज-तीमारदार परेशान हो गए।

आसपास और दूरदराज से आने वाले मरीज लौटने लगे। इनमें कुछ मरीजों की हालत बहुत खराब थी। उन्हें इलाज की फौरन जरूरत थी, उनके परिजनों ने डॉक्टरों से देखने के लिए गुजारिश भी की, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। कहा, हड़ताल हो गई है, कहीं और ले जाएं। इसके बाद कुछ तीमारदार आस-पास के नर्सिंग होम में अपने मरीजों को लेकर पहुंचे। वहीं कुछ तीमारदारों ने शहर के दीनदयाल संयुक्त अस्पताल और मलखान सिंह जिला अस्पताल का भी रुख किया। कुछ महिलाओं को प्रसव होना था, उनके परिजन उन्हें लेकर मोहन लाल गौतम जिला महिला अस्पताल पहुंचे।

जेएन मेडिकल कॉलेज में विधि के छात्र और जूनियर डॉक्टर के बीच मारपीट हो गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शांति व्यवस्था स्थापित की। छात्र मजरूब का डॉक्टरी मुआयना करा दिया गया है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन और प्रॉक्टोरियल टीम के साथ समन्वय स्थापित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।-मयंक पाठक, सीओ नगर प्रथम

कोई हादसे का शिकार था तो किसी की सांसें उखड़ रही थीं। मरीजों को देखकर उनके तीमारदार डॉक्टरों के आगे गिड़गिड़ाने लगे। लेकिन डॉक्टरों ने साफ कह दिया कि यहां इलाज नहीं मिलेगा कहीं दूसरी जगह ले जाओ। करीब 300 मरीजों को मेडिकल कालेज से लौटा दिया गया।

रात 8:30 बजे इमरजेंसी से जूनियर डॉक्टर उठकर चले गए, जिससे चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। मरीजों और तीमारदारों की बेचैनी बढ़ गई। इमरजेंसी के गेट के बाहर खड़े तीमारदार डॉक्टरों के आगे हाथ जोड़कर खड़े हो गए कि वह उनके मरीज को देख लें। लेकिन डॉक्टर नहीं रुके। हड़ताल के बाद सुरक्षाकर्मियों ने भी मरीजों को लौटाना शुरू कर दिया।

सर्वाइकल की समस्या से जूझ रहीं जमालपुर की नूरजहां बिना इलाज कराए लौट गईं। एटा से आए शकूर अहमद सांस की समस्या से पीड़ित हैं। उनके परिजनों ने डॉक्टरों से देखने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। इसी तरह बाईखुर्द की रेखा भी बिना उपचार कराए लौट गईं। बलद और ताज मोहम्मद भी लौट गए, जिन्हें सांस लेने में तकलीफ है।

# धर्मपाल ने बैठक में सोशल मीडिया पर विवाद न करने की दी सलाह, बोले- पार्टी छवि होती है खराब




**हरदोई , एजेंसी।** हरदोई जिले में आए दिन सोशल मीडिया पर होने वाले घमासान को भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने गंभीरता से लिया है। जनप्रतिनिधियों के साथ बृहस्पतिवार को जिला कार्यालय में हुई बैठक के दौरान धर्मपाल ने इसे लेकर नसीहत भी दी। बिना किसी का नाम लिए उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विवाद न करें। आपस में विवाद से पार्टी की छवि खराब होती है और यह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल बृहस्पतिवार को हरदोई में थे। उन्होंने पार्टी के जिला पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग बैठक की। इसके अलावा मंडल अध्यक्षों और शक्ति केंद्र संयोजकों की कार्यशाला को भी संबोधित किया। गंगानगर स्थित पार्टी कार्यालय में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में धर्मपाल ने कहा कि सोशल मीडिया पर पार्टी से जुड़े लोगों को विवाद नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कहीं कोई विवाद या मतभेद की स्थिति है, तो उचित फोरम पर बात रखनी चाहिए ताकि उसका निस्तारण हो सके।

**मतदाता सूची का पुनरीक्षण अभियान चल रहा :** उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण अभियान चल रहा है। इसमें सभी को रुचि लेनी चाहिए। जनप्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में प्रदेश महामंत्री संजय राय, जिला प्रभारी शंकरलाल लोोधी, जिलाध्या अजीत सिंह बब्बन, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, बालामऊ विधायक रामपाल वर्मा, गोपामऊ विधायक श्याम प्रकाश, सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू, संडीला विधायक अलका अर्कवंशी, एमएलसी अशोक अग्रवाल और अवनीश कुमार सिंह, बिलग्राम मल्लावां के विधायक आशीष सिंह आशू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती मौजूद रहीं।

**पंचायत चुनाव को लेकर जनप्रतिनिधियों ने दिए सुझाव :** बैठक में मौजूद रहे विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक पंचायत चुनाव को लेकर जनप्रतिनिधियों ने सुझाव भी दिए। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में या तो सिंबल दिया जाए या फिर सीट रिक्त छोड़ दी जाए। समर्पित प्रत्याशी नहीं बनाना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि पंचायत चुनाव दो चरण में कराए जाएं तो ठीक रहेगा।

## पनवारी कांडः हाईकोर्ट से 32 आरोपियों को जमानत, ऊदर थोक में खुशी की लहर



**आगरा , एजेंसी।** आगरा केचर्चित पनवारी कांड में गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट से 32 आरोपियों की जमानत याचिका को मंजूर कर लिया गया है। विधायक चौधरी बाबूलाल, कुशलपाल सिंह, अजीत चाहर सहित अन्य लोगों की पैरवी के बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया है। सोमवार तक सभी आरोपियों के अकोला ऊदर थोक पहुंचने की सम्भावना जताई जा रही है।

जमानत मंजूर होने की खबर मिलते ही ऊदर थोक में खुशी का माहौल बना हुआ है। गाँव में शान्ति बनी हुई है, दोनों समाज के लोग शांति व आपसी सौहार्द के साथ सामाजिक जीवन जी रहे हैं।

अकोला के जितेंद्र सिंह चाहर ने बताया कि कुल 34 आरोपियों में से 32 की जमानत मिल चुकी है, जबकि शेष दो आरोपियों की सुनवाई शुक्रवार को होगी। ऊदर थोक के जगदीश पुत्र रामजीत ने बताया कि उनके पिता भी मामले में दोषी करार दिए गए थे। वह गुरुवार को हाईकोर्ट में तारीख पर गए थे, जहां जमानत मंजूर होने की सूचना मिलते ही उन्होंने राहत की सांस ली है। इस खबर से गांव में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

# डीएम ने एडेड एवं राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ की अंतर्विभागीय बहुउद्देश्यीय बैठक

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷



जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा अंतर्विभागीय बहुउद्देश्यीय संयुक्त बैठक आहूत की गई।

बैठक में छात्र हित में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, सुरक्षा एवं जागरूकता अभियानों की विश्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों व प्रधानाचार्यों से अपेक्षा की कि उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न छात्र हितकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाए, ताकि शिक्षा के साथ स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में भी बच्चों का समग्र विकास हो सके।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष में तीन बार विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और हर शनिवार मच्छर पर वार अभियान संचालित किया जाता है। उन्होंने सभी विद्यालयों को निर्देशित किया कि प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों को इन अभियानों के बारे में अवगत कराया जाए।

राष्ट्रीय डी-वार्मिंग दिवस पर प्रत्येक छात्र-छात्रा को एल्बेंडाजोल की गोली अवश्य खिलाई जाए और आयरन-फोलिक एसिड की गोलियां आरबीएसके टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही नशा मुक्ति अभियान को भी विद्यालय शतर पर प्रभावी ढंग से चलाने पर बल दिया गया।

आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत 79 प्लस बुजुर्ग लाभार्थियों का कार्ड बनाकर संतृप्त करने के निर्देश भी दिए गए। जिला समाज कल्याण अधिकारी विनीत मलिक ने छात्रवृत्ति योजना के बारे में बताया कि यह पूरी तरह ऑनलाइन है, किंतु अभी भी कई विद्यालयों द्वारा आवश्यक डेटा समय से अग्रसारित नहीं किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 30 अगश्त तक सभी विद्यालय हर हाल में डेटा फॉरवर्ड एवं लॉक कर दें, ताकि अधिकतम विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में 2 अक्टूबर को छात्रवृत्ति का वितरण कराया जाएगा। बैठक में अभ्युदय योजना के बारे में भी जानकारी दी गई।

जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार ने कन्या सुमंगला योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिवार की अधिकतम दो बेटियों को इस योजना का लाभ दिलाते हुए छह चरणों में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा स्पॉन्सरशिप योजना पर भी विश्तार से चर्चा की गई। पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन पर विशेष बल दिया गया। यातायात निरीक्षक कमलेश कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं किसी महामारी से कम नहीं हैं।

इसलिए यातायात के प्रति विद्यार्थियों को सतर्क करना आवश्यक है। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवेश कुमार ने रोड सेफ्टी योजना व राहगीर योजना की जानकारी देते हुए बताया कि नेक कार्य करने वाले व्यक्तियों को 25,000 की धनराशि से सम्मानित किया जाता है।

दुर्घटना के उपरांत पीड़ति को डेढ़ लाख रुपये तक निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध है। विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी के लिए एआई चौटबॉट (8005441222) का उपयोग करने के निर्देश भी दिए गए। आपदा विशेषज्ञ पंकज कुमार ने विद्यालय आपदा प्रबंधन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यालय में आठ सेफ्टी उपकरण अवश्य उपलब्ध होने चाहिए। उन्होंने आपदा प्रबंधन क्लब की भूमिका व कार्यों पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों को बेसिक आपदा प्रबंधन कार्य योजना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक पूरन सिंह ने गुणवत्ता संवर्धन, प्रोजेक्ट अलंकार और इंस्पायर अवार्ड योजना के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि विद्यालय की असेम्बली विद्यालय की जान है एवं प्रत्येक विद्यालय में पीतल का घंटा अवश्य होना चाहिए। बैठक में प्रधानाचार्यों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रश्तुत किए। जिलाधिकारी ने कहा कि लंबे समय बाद एडेड विद्यालयों के संवर्धन की योजना लागू की गई है, इसलिए प्रधानाचार्य गण इस अवसर का समुचित उपयोग करें। इस अवसर पर 132 एडेड एवं राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विदेश में रह रहे पति ने वॉट्सऐप पर तलाक दिया

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

अलीगढ़ में पति ने अपनी पत्नी को वॉट्सऐप पर ही तीन तलाक दे दिया और बातचीत बंद कर दी। पति विदेश में रहता है और पत्नी अलीगढ़ की सुपर कालोनी में रहती है।

महिला ने यह सारी बात अपने ससुराल के लोगों को बताई, लेकिन किसी ने भी उसका साथ नहीं दिया। इसके बाद शुक्रवार को अपने पिता के साथ जाकर पुलिस को तहरीर दी।

बुलंदशहर के खुर्जा की रहने वाली सुल्ताना ने कहा- मेरा निकाह 2023 में अलीगढ़ के सुपर कालोनी में रहने वाले शारिक के साथ हुआ था। निकाह के बाद से वह अपने ससुराल में रह रही थी।

लेकिन उसका शौहर ओमान में है। सुल्ताना ने बताया कि शौहर से उसकी हर दिन फोन पर ही बातचीत होती थी। गुरुवार सुबह वह अपने शौहर से बात कर रही थी। इस दौरान पहले तो उसने ठीक से बात नहीं की और इसके बाद वॉट्सऐप पर ही तीन तलाक बोल दिया। वह गिड़गिड़ाती रही, लेकिन आरोपी ने एक नहीं सुनी।

सुल्ताना ने बताया कि उसका 2023 में निकाह हुआ था। निकाह के बाद उन्होंने रजिस्ट्रार ऑफिस में जाकर अपनी शादी को कानूनी रूप से रजिस्टर्ड भी कराया था। निकाह के 4 दिन बाद ही उसका शौहर ओमान चला गया था। वह वहां पर नौकरी करता है।

पीड़िता ने कहा कि ओमान में उसके शौहर ने दूसरा निकाह कर लिया है, इसलिए उसने मुझे तीन तलाक दिया है।

वहीं, उसके ससुराल पक्ष के लोग भी उसका साथ नहीं दे रहे हैं। जिसके बाद वह अपने पिता के साथ सीओ कार्यालय में शिकायत करने आई है।

# हार्डवेयर व्यापारी के घर से हुई चोरी की घटना का पुलिस ने किया सफल अनावरण

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷



जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गाँधीपार्क पुलिस टीम द्वारा क्रिमिनस इंटेलीजेंस विंग नगर व सर्विलांस टीम व आईसीसीसी के साथ संयुक्त कार्यवाही में बीएनएस में वांछित दो शातिर चोर बबलू पठान पुत्र इनाम खाँ निवासी शाहकमाल रोड बस स्टैन्ड के पीछे थाना गाँधीपार्क, अलीगढ़ व संजय उर्फ सज्जन पुत्र हजारीलाल निवासी नगला मान सिंह थाना गांधीपार्क जनपद अलीगढ़ को चोरी के सोने-चाँदी के जेबरात (514.3 ग्राम सोना, 10.905 ग्राम चांदी, एक अमेरिकन डायमंड हार 33.600 ग्राम -सफेद धातु) व 39,600 रुपये नगद नगद सहित सिन्धौली मोड़ के पास स्थित खण्डहर मकान से गिरफ्तार किया। अभियुक्त बबलू पठान उपरोक्त थाना क्वार्सी का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है अभियुक्तगणों के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों पर कई अभियोग पंजीकृत है।

विगत 26/27 अगश्त 2025 को कोर्ट ऑफ वार्डस कम्पाउण्ड नियर कम्पनी बाग स्थित हार्डवेयर व्यापारी के घर से चोरी की सूचना पर एसएसपी अलीगढ़ के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर मृगांक शेखर पाठक, क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय कमलेश कुमार व थाना प्रभारी गाँधीपार्क राजवीर सिंह परमार व क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग नगर, सर्विलांस व आईसीसीसी की टीमों ने सीसीटीवी व सर्विलांस की मदद से चोरों तक पहुँचकर शत-प्रतिशत माल की बरामदगी की। उक्त टीमों के विशेष प्रयासों से 250 से अधिक सीसीटीवी फुटेज चेक करते हुए जनपद मुरादाबाद, मेरठ, हाथरस व कासगंज के इलाकों में एक दर्जन से अधिक दविश दी गई एवं अथक प्रयास से चोरों की तलाश करते हुए शत-प्रतिशत माल सहित दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा घटना का सफल आनावरण करने वाली टीमों को उत्साहवर्धन हेतु दस हजार रूपये की नगद धनराशि से पुरष्कृत किया गया है।

अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि उनके द्वारा घटना से दो दिवस पूर्व शिवम मित्तल निवासी कोर्ट आफ वार्डस कम्पाउन्ड नियर कम्पनी बाग थाना गाँधीपार्क अलीगढ़ के बन्द पड़े मकान की रैकी की गई थी जिस पर बाहर गेट पर ताला लगा हुआ था मौका पाकर 26/27 अगश्त 2025 को रात्रि समय करीब 1.15 बजे के आस पास शिवम मित्तल के बन्द पड़े मकान के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर घर में प्रवेश कर भू-तल पर बने कमरे का ताला तोड़कर झीने के द्वारा प्रथम तल पर बने कमरों का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटनास्थल से चोरी में गहने व आभूषण एवं अन्य सामान व नकदी बैग में लेकर समय करीब 2.30 बजे मकान से निकलकर हाइवे पर एकांत में सिन्धौली मोड़ के पास स्थित खण्डहर मकान में चोरी किये गये माल को छिपाते हुए ऑटो के द्वारा सूतमील चौराहे पहुँचकर मेरठ के लिये प्रस्थान किया तथा वहाँ से मुरादाबाद में काशीराम कालोनी में आवासित अभियुक्त बबलू पठान के आवास पर पहुँचे तथा वहाँ पहुँचकर अभियुक्त बबलू पठान अपने आवास पर रुक गया तथा दूसरा अभियुक्त संजय उर्फ सज्जन वापस अलीगढ़ आ गया तथा दोनों अभियुक्तगण पुलिस की गतिविधियों पर नजर रखकर आज चोरी के माल को खुर्द बुर्द व ले जाने के लिये छिपाये गये स्थान पर पहुँचे तो पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना व पतारसी सुरागरसी, सीसीटीवी व सर्विलांस की मदद से अभियुक्तगण को मय चुराये गये माल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## अमुवि में डॉक्टरों की हड़ताल, लौटाए जा रहे मरीज, लॉ छात्रों से मारपीट के बाद इमरजेंसी ठप

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के जेएन मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर हैं। गुरुवार को डॉक्टर और यूनिवर्सिटी के लॉ छात्रों के बीच मारपीट हुई थी। सुबह से अपनी मांगो पर अड़े डॉक्टरों ने इमरजेंसी ठप कर दी है। गेट पर ताला लगा है।

इलाज न मिलने से सैकड़ों मरीज वापस जा रहे हैं। या गार्ड उन्हें बाहर से लौटा दे रहे हैं। कुछ तीमारदार अपने मरीजों को हाथों में उठाकर जाते दिखे। तो कुछ लोग एम्बुलेंस में अपने मरीजों को दूसरे अस्पतालों में ले गए। वहीं घटना के बाद से पुलिस और एएमयू की प्रोक्टोरियल टीम लगातार एक्टिव है। टीम जूनियर डॉक्टरों को लगातार समझाने का काम कर रही है। वहीं डॉक्टर अपनी सुरक्षा की मांग पर अड़े हैं। मरीजों की समस्या को देखते हुए अस्पताल में सीनियर डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई है।

जेएन मेडिकल कालेज में गुरुवार रात यूनिवर्सिटी का एक लॉ छात्र मुश्तफा अपने चाचा को दिखाने के लिए आया था। यहां पर उसकी जूनियर डॉक्टरों के साथ बहस हो गई थी और फिर नौबत मारपीट तक आ गई थी। डॉक्टरों का आरोप है कि लॉ छात्र ने मारपीट की। मारपीट की सूचना जैसे ही अन्य डॉक्टरों को मिली तो उन्होंने इमरजेंसी सेवा को ठप कर दी और हड़ताल की घोषणा कर दी। देखते ही देखते सभी डॉक्टरों ने पूरी तरह से हड़ताल शुरू कर दी।

## नकबजनी का एक अभियुक्त गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

डाक मंडल में इंटीग्रेटेड डिलीवरी सेंटर, अलीगढ़ का शुभारंभ अवधेश कुमार मिश्रा, वरिष्ठ डाक अधीक्षक, अलीगढ़ डाक मंडल द्वारा किया गया। यह आगरा परिक्षेत्र का दूसरा तथा उत्तर प्रदेश परिमंडल का 9वाँ आईडीसी है।

यह पहल डाक विभाग की डिलीवरी प्रणाली को और अधिक आधुनिक, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। आईडीसी अलीगढ़ के माध्यम से अब अलीगढ़ शहर से संबंधित सभी डाक सामग्री स्पीड पोस्ट, पंजीकृत डाक, पार्सल, सामान्य डाक एवं ई-मनी ऑर्डर का वितरण केंद्रीकृत रूप से किया जाएगा।

# डाक मंडल में इंटीग्रेटेड डिलीवरी सेंटर का हुआ शुभारंभ

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

अलीगढ़ डाक मंडल में इंटीग्रेटेड डिलीवरी सेंटर, अलीगढ़ का शुभारंभ अवधेश कुमार मिश्रा, वरिष्ठ डाक अधीक्षक, अलीगढ़ डाक मंडल द्वारा किया गया। यह आगरा परिक्षेत्र का दूसरा तथा उत्तर प्रदेश परिमंडल का 9वाँ आईडीसी है।

यह पहल डाक विभाग की डिलीवरी प्रणाली को और अधिक आधुनिक, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। आईडीसी अलीगढ़ के माध्यम से अब अलीगढ़ शहर से संबंधित सभी डाक सामग्री स्पीड पोस्ट, पंजीकृत डाक, पार्सल, सामान्य डाक एवं ई-मनी ऑर्डर का वितरण केंद्रीकृत रूप से किया जाएगा। पोस्टमैन दोपहिया वाहनों से वितरण करेंगे, जिससे बड़ा क्षेत्र तेजी से कवर होगा। आईडीसी अलीगढ़ में डाक वितरण को और अधिक आधुनिक एवं प्रभावी बनाने के लिए आईटी 2.0 परियोजना के अंतर्गत अनेक तकनीकी सुविधाएँ लागू की गई हैं। डिलीवरी ऐप आधारित रूट ऑप्टिमाइजेशन से डाक कर्मचारी को सबसे उपयुक्त मार्ग प्राप्त होगा, जिससे समय और श्रम की बचत होगी।

पेपरलेस एवं ओटीपी आधारित डिलीवरी से ग्राहकों को सुरक्षित और पारदर्शी सेवा उपलब्ध होगी।

साथ ही डिजिटल भुगतान एवं कैश-ऑन-डिलीवरी संग्रहण की सुविधा से लेन-देन अधिक सुगम और विश्वसनीय होगा। इसके अतिरिक्त, ऐप आधारित कॉलिंग सुविधा से ग्राहक सीधे डाककर्मी से संपर्क कर सकेंगे, जिससे सेवा और भी सुलभ हो जाएगी।

आईडीसी अलीगढ़ के संचालन से नागरिकों को अनेक लाभ प्राप्त होंगे। जैसे डाक सामग्री की त्वरित एवं समयबद्ध डिलीवरी सुनिश्चित होगी जिससे ग्राहकों को समय पर सेवाएँ मिलेंगी। साथ ही, यह केंद्र पूरी तरह से काउंटर सेवा से अलग है।

**बिना शादी के 3 बच्चे....**

# अब 44 की उम्र में चौथी बार फिर मां बनने जा रहीं है यह स्टार खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूस की मशहूर पूर्व टेनिस स्टार अन्ना कुर्निकोवा एक बार फिर लाइमलाइट में हैं. 44 साल की उम्र में उन्होंने चौथी प्रेग्नेंसी की खबर देकर अपने फैन्स को हैरान कर दिया है. वह और उनके लंबे समय से पार्टनर, मशहूर स्पैनिश सिंगर एनरिके इग्लेसियस (50), अपने चौथे बच्चे का स्वागत करने वाले हैं. कुछ महीने पहले अन्ना को व्हीलचेयर और प्रोटेक्टिव बूट में देखा गया था. उस दौरान उनकी तबीयत को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई गईं, लेकिन अब उनके प्रेग्नेंट होने की पुष्टि के बाद फैन्स को राहत मिली है. स्पैनिश मैगजीन ने दावा किया है कि कुर्निकोवा इस वक्त प्रेग्नेंसी के मिड-फेज में हैं और पूरी तरह स्वस्थ हैं. अन्ना और एनरिके के पहले से ही तीन बच्चे हैं, दो जुड़वां बच्चे लूसी और निकोलस, जो 7 साल के हो गए हैं और छोटी बेटी मैरी, जो 5 साल की है. हाल ही में मियामी में उन्हें बच्चों को मार्शल आर्ट्स क्लास के लिए ले जाते हुए देखा गया था, जिससे यह साफ हुआ कि वह एक सेहतमंद और एक्टिव लाइफ जी रही हैं. अन्ना सिर्फ 14 साल की थी, जब उन्होंने इतनी कम उम्र में प्रोफेशनल टेनिस में कदम रखा था. भले ही सिंगल्स में वह ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी नहीं जीत पाईं थी, लेकिन मार्टिना हिंगिस के साथ जोड़ी बनाकर उन्होंने 1999 और 2002 में ऑस्ट्रेलियन ओपन डबल्स खिताब अपने नाम किया था.




**जर्मनी के वेबर पहले स्थान पर रहे**

# नीरज ने डायमंड लीग फाइनल में लगातार तीसरा सिल्वर जीता, 85.01 मीटर का थ्रो किया

**ज्यूरिख, एजेंसी।** नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग फाइनल 2025 में दूसरा स्थान हासिल किया। चोपड़ा का डायमंड लीग में लगातार तीसरा सिल्वर मेडल है। उन्होंने 85.01 मीटर का थ्रो किया। स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख शहर के लेट्जिग्रुंड स्टेडियम में गुरुवार को हुए फाइनल में जर्मनी के जूलियन वेबर ने शानदार 91.51 मीटर का थ्रो कर गोल्ड जीता। वहीं, त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशोर्न वालकॉट ने 84.95 मीटर के साथ ब्रॉन्ज हासिल किया। नीरज ने पहले प्रयास में 84.35 मीटर थ्रो किया। इसके बाद दूसरा थ्रो 82 मीटर रहा। इसके बाद उन्होंने लगातार तीन बार फाउल किया। आखिर में नीरज ने 85.01 मीटर का थ्रो किया और दूसरे नंबर पर रहे। इससे पहले नीरज तीन साल पहले, यानी 2022 में इसी स्टेडियम में डायमंड लीग के फाइनल में पहले स्थान पर रहे थे। वहीं, 2023 और 2024 में उन्हें उपविजेता बनकर ही संतोष करना पड़ा था। मौजूदा सीजन में उन्होंने 7 प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिनमें 4 बार जीत दर्ज की और तीन बार उपविजेता रहे हैं। मैच के बाद नीरज ने कहा- आज का दिन थो?ा मुश्किल था मैच के बाद नीरज ने अपने प्रदर्शन पर कहा, आज का दिन थोड़ा मुश्किल था। खेल में हमेशा कुछ कठिन दिन आते हैं, और आज ऐसा ही था। फिर भी, मैंने आखिरी थ्रो में 85 मीटर से ज्यादा की दूरी हासिल की। आज मेरा रन-अप और टाइमिंग सही नहीं थी। मुझे कुछ कमी महसूस हुई, लेकिन विश्व चैंपियनशिप के लिए अभी तीन हफ्ते बाकी हैं। मैं अपनी टाइमिंग को बेहतर करने की पूरी कोशिश करूंगा। डायमंड लीग 2025 में नीरज का प्रदर्शन दोहा डायमंड लीग- इस सीजन की बात करें तो नीरज के लिए शुरुआत धमाकेदार अंदाज में हुई थी। मई में उन्होंने दोहा में 90.23 मीटर का थ्रो कर पहली बार 90 मीटर से ज्यादा दूरी का थ्रो किया था। उन्होंने पहले प्रयास में 88.44 मीटर स्कोर किया, जबकि दूसरा थ्रो अमान्य रहा।

**4 सितंबर को हो सकता है आखिरी घरेलू मैच**

# लियोनेल मेसी का संन्यास!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फुटबॉल के सबसे बड़े स्टार में से एक लियोनल मेसी ने एक बड़ा इशारा दे दिया है कि अर्जेंटीना के साथ उनका सफर आखिर दौर में पहुंच रहा है. 38 साल के मेसी ने बात करते हुए कहा कि 4 सितंबर को ब्यूनस आयर्स में वेनेजुएला के खिलाफ होने वाला वर्ल्ड कप क्वालिफायर शायद उनका आखिरी घरेलू मैच हो सकता है. अर्जेंटीना पहले ही 2026 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर चुका है और 35 अंकों के साथ साउथ अमेरिकन टेबल में टॉप पर है. लेकिन मेसी के लिए ब्यूनर्स आयर्स के एस्टादियो मोन्यूमेंटल में होने वाला यह मैच सिर्फ एक कंपटीशन भर नहीं है, बल्कि यह उनके लिए बड़ा इमोशनल मोमेंट होगा.

मेसी 9 सितंबर को इक्वाडोर के खिलाफ होने वाले अगले क्वालिफायर मैच में भी खेलने की उम्मीद है, लेकिन वह मैच बाहर (अवे) होगा. ऐसे में 4 सितंबर को ब्यूनस आयर्स में होने वाला मुकाबला शायद आखिरी मौका होगा जब स्थानीय फैन्स उन्हें वर्ल्ड कप क्वालिफायर में खेलते देख पाएंगे. अगर यह सचमुच उनका आखिरी मैच होता है, तो यह अर्जेंटीना के फुटबॉल इतिहास का एक अहम अध्याय बंद कर देगा. हालांकि मेसी ने अभी तक इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लेने की कोई



### कैसा है मेसी का वर्ल्ड कप क्वालिफायर में रिकॉर्ड

मेसी का वर्ल्ड कप क्वालिफायर में 193 मैच खेले हैं और रिकॉर्ड 31 गोल किए हैं. इसी दौरान उन्होंने अर्जेंटीना के लिए कई यादगार प्रदर्शन भी किए. 2022 में कतर वर्ल्ड कप जीतना उनके इंटरनेशनल करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रही, जिसने उन्हें फुटबॉल इतिहास के महान खिलाड़ियों में हमेशा के लिए जगह दिला दी.

### मेसी ने अपने फेयरवेल मैच के बारे में क्या कहा?

मेसी ने इंटर मियामी की लीग्स कप सेमीफाइनल में ऑरलैंडो सिटी को हराने के बाद कहा- यह मेरे लिए खास होने वाला है, बहुत ही खास मैच होगा, क्योंकि यह मेरा आखिरी क्वालिफायर गेम है. मुझे नहीं पता इसके बाद कोई फ्रेंडली या और मैच होंगे या नहीं.... पर हां, यह मैच मेरे लिए बहुत खास है और इसी वजह से मेरा पूरा परिवार मेरे साथ होगा. मेरी पत्नी, मेरे बच्चे, मेरे माता-पिता, मेरे भाई-बहन और मेरी पत्नी की तरफ से जितने रिश्तेदार हो सकें. इसके बाद क्या होगा, यह मैं नहीं जानता, लेकिन अभी हमारा ध्यान इसी पर है.

**एशिया कप से पहले बीसीसीआई का फैसला**

# टीम इंडिया के साथ यूएई नहीं जाएंगे ये 5 खिलाड़ी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 की शुरुआत में अब ज्यादा समय नहीं बचा है. एशिया कप इस बार 9 सितंबर को शुरू होगा, जबकि खिताबी मुकाबला 28 सितंबर को निर्धारित है. संयुक्त अरब अमीरात में होने जा रहे इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम का ऐलान पहले ही किया जा चुका है. 15 सदस्यीय भारतीय टीम की कमान सूर्यकुमार यादव को सौंपी गई है, जबकि शुभमन गिल को उप-कप्तान बनाया गया है. भारतीय चयनकर्ताओं ने एशिया कप के लिए यशस्वी जायसवाल, प्रसिद्ध कृष्णा, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर और ध्रुव जुरेल को स्टैंड बाय खिलाड़ियों के तौर पर रखा है. पहले अटकलें लग रही थीं कि ये पांचों खिलाड़ी भारतीय टीम के साथ यूएई जा सकते हैं, लेकिन अब भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने साफ कर दिया है कि स्टैंड बाय के तौर चुने गए खिलाड़ी मुख्य टीम के साथ यात्रा नहीं करेंगे. समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट में ये बात निकलकर सामने आई है.

जब बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी से पूछा गया कि क्या ये खिलाड़ी नेट बॉलर या बैकअप के तौर पर टीम के साथ जाएंगे, तो उन्होंने पीटीआई से कहा, नहीं, स्टैंडबाय खिलाड़ी मुख्य टीम के साथ दुबई की यात्रा नहीं करेंगे. बता दें कि भारतीय टीम मैनेजमेंट कम खिलाड़ियों के साथ यात्रा करना चाहती है. अगर जरूरत पड़ी तो स्टैंडबाय खिलाड़ियों को बाद में दुबई बुलाया जाएगा. भारतीय टीम के पास पहले से ही शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन जैसे ओपनर मौजूद हैं. इसलिए यशस्वी जायसवाल तभी मुख्य स्क्वॉड में शामिल होंगे, जब कोई सलामी बल्लेबाज चोटिल होगा. इसी तरह जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह या हर्षित राणा में से कोई बाहर होता है, तो ही तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को मुख्य टीम में शामिल किया जाएगा. एशिया कप के भारतीय टीम 17 खिलाड़ियों की हो सकती थी, लेकिन चयनकर्ताओं ने मुख्य स्क्वॉड में सिर्फ 15 खिलाड़ियों को ही चुना. भारतीय खिलाड़ी इस बार अपने-अपने शहरों से सीधे दुबई जाएंगे.

### राजीव शुक्ला बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष बने, रोजर बिन्नी ने पद छोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोजर बिन्नी ने बीसीसीआई अध्यक्ष का पद छोड़ दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले, 65 साल के शुक्ला बीसीसीआई के वाइस प्रेसिडेंट थे। हाल ही में बीसीसीआई सूत्रों ने बताया था, मौजूदा प्रेसिडेंट रोजर बिन्नी जुलाई महीने में 70 साल के हो जाएंगे। बीसीसीआई के नियम के अनुसार, किसी भी पदाधिकारी को 70 साल की उम्र के बाद अपना पद छोड़ना होगा। बिन्नी ने 2022 में सौरव गांगुली की जगह बोर्ड के अध्यक्ष का पद संभाला था।



**Duleep Trophy 2025**

# दानिश मालेवार ने बनाया ऐतिहासिक रिकॉर्ड, दोहरा शतक ठोक बने नंबर 1



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दलीप ट्रॉफी में सेंट्रल जोन की ओर से खेल रहे टॉप ऑर्डर बल्लेबाज दानिश मालेवार ने कमाल कर दिया है. दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ 203 रनों की पारी खेली. दानिश ने अपनी पारी में 36 चौके और एक छक्का लगाया. उनकी इस पारी के दम पर सेंट्रल जोन ने पहली पारी में 532 रन बनाए. कप्तान रजत पाटीदार ने इस स्कोर पर पारी घोषित की. दानिश मालेवर ने अपने इस दोहरे शतक से वो कारनामा कर दिखाया जो कभी किसी विदर्भ के खिलाड़ी ने नहीं किया था. दानिश मालेवार ने जैसे ही दलीप ट्रॉफी में दोहरा शतक लगाया वैसे ही उनका नाम विदर्भ क्रिकेट में अमर हो गया. दरअसल दानिश विदर्भ के पहले खिलाड़ी हैं जिन्होंने दलीप ट्रॉफी में डेब्यू मैच में ही दोहरा शतक लगा दिया है. अबतक सिर्फ चार बल्लेबाजों ने दलीप ट्रॉफी में दोहरा शतक ठोका है जिसमें यशस्वी जायसवाल, बाबा अपराजित, बाबा इंद्रजीत शामिल हैं. अब इसमें दानिश का नाम भी शामिल हो गया है.

**दानिश मालेवार का कमाल करियर**

दानिश मालेवार महज 21 साल के हैं और इस खिलाड़ी ने रणजी ट्रॉफी के पिछले सीजन से ही फर्स्ट क्लास में डेब्यू किया. दानिश ने पहले ही रणजी सीजन में 9 मैचों में 2 शतक और 6 अर्धशतक के दम पर 783 रन ठोके. अब उनके बल्ले से दोहरा शतक भी निकल गया है जो कि उनके प्रोफेशनल करियर का पहला दोहरा शतक है. दानिश मालेवार की बैटिंग एवरेज 50 पार है. दानिश मालेवार ने रणजी ट्रॉफी फाइनल में भी शतक लगाया था. विदर्भ प्रो लीग में भी दानिश ने कमाल बैटिंग की थी. इसमें उन्होंने 160 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 6 मैचों में 318 रन ठोके थे. वो इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बने थे. दानिश के इसी प्रदर्शन की वजह से उन्हें लंबी रेस का घोड़ा बताया जा रहा है.

# हीरो एशिया कप 2025 की धमाकेदार शुरुआत, मलयेशिया ने बांग्लादेश को 4-1 से हराया

**एशिया कप हॉकी:**



**राजगीर, एजेंसी।** पूरे मैच में बांग्लादेश को कई मौके मिले लेकिन मलयेशियाई डिफेंस और गोलकीपर ने उन्हें नाकाम कर दिया। अंततः मुकाबला 4-1 के स्कोर के साथ मलयेशिया के नाम रहा।

राजगीर के अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में शुक्रवार को हीरो एशिया कप 2025 की शुरुआत हुई। पहले मुकाबले में मलयेशिया ने बांग्लादेश को 4-1 से शिकस्त दी। मैच सुबह नौ बजे शुरू हुआ और पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। चौथे मिनट में बांग्लादेश को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन उसे गोल में तब्दील नहीं किया जा सका। दूसरे क्वार्टर के 16वें मिनट में बांग्लादेश के इस्लाम अशरफुल ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि, 23वें मिनट में मलयेशिया के हामसानी अशरन ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। हाफ टाइम तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा।

तीसरे क्वार्टर के 35वें मिनट में मलयेशिया के अनुअर अकीमुल्लाह ने गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद 45वें मिनट पर अबुदु राउफ मुजाहिर ने तीसरा गोल कर बढ़त को और मजबूत किया। चौथे क्वार्टर में बांग्लादेश ने लगातार पेनल्टी कॉर्नर के मौके बनाए, लेकिन उन्हें गोल में तब्दील नहीं कर सका। इसी बीच मलयेशिया के चोलन सैयद ने अंतिम क्वार्टर में चौथा गोल दागकर जीत पक्की कर दी। पूरे मैच में बांग्लादेश को कई मौके मिले लेकिन मलयेशियाई डिफेंस और गोलकीपर ने उन्हें नाकाम कर दिया। अंततः मुकाबला 4-1 के स्कोर के साथ मलयेशिया के नाम रहा।



# Hulk Hogan के मौत पर हुआ चौंकाने वाला खुलासा, पत्नी ने इन पर लगाया इल्जाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** के दिग्गज हल्क होगन का 24 जुलाई को 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया। शुरुआती रिपोर्टों में उनकी मौत का कारण दिल का दौरा बताया गया था, लेकिन अब उनकी पत्नी स्काई डेली ने मेडिकल लापरवाही का आरोप लगाते हुए एक चौंकाने वाला दावा किया है। जिसके बाद पूरी रेसलिंग दुनिया को सदमा सा लग गया है। हर कोई इस खुलासे के बाद हैरान है।

एक रिपोर्ट के अनुसार स्काई का मानना है कि मई में हुई होगन की गर्दन की सर्जरी के दौरान उनकी फ्रेनिक नर्व, जो सांस लेने की प्रक्रिया को नियंत्रित करती है, उसको नुकसान पहुंचा था। स्काई ने एक निजी ऑटोप्सी भी करवाई है, जिससे उनके इन दावों को बल मिलता है।

**फ्रेनिक नर्व को नुकसानः** स्काई डेली के अनुसार, सर्जरी के बाद होगन को सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। 911 कॉल के दौरान भी स्काई ने कहा था कि मेरे पति सांस नहीं ले रहे हैं।

सूत्रों का दावा है कि 911 कॉल से यह संकेत मिलता है कि होगन की मौत अचानक दिल का दौरा पड़ने से नहीं, बल्कि सांस रुकने की वजह से हुई थी। होगन के थेरेपिस्ट ने भी इसी तरह के दावे किए हैं, जिसमें कहा गया है कि सर्जरी के दौरान फ्रेनिक नर्व कट गई थी।

# यूएस ओपन 2025: कोको गॉफ ने यूएस ओपन के तीसरे राउंड में मारी एंट्री

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** कोको गॉफ ने अपनी प्रतिद्वंद्वी डोना वेकिच को हराकर यूएस ओपन 2025 के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने मुकाबले को 7-6, 6-2 से अपने नाम किया। इस जीत के साथ गॉफ लगातार चौथे साल यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंची हैं। इसके साथ ही, वह अब न्यूयॉर्क में अपने मुख्य ड्रॉ के 79 प्रतिशत मैच जीत चुकी हैं। 2023 की चैंपियन का अगला मुकाबला 28वीं वरीयता प्राप्त मैग्डेलेना फ्रेच से होगा। इससे पहले, विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने शुरुआती मुकाबलों में



दबदबा बनाए रखा। उन्होंने विश्व की 66वें नंबर की खिलाड़ी सुजैन लामेंस का सामना करते हुए 6-1, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज करके तीसरे दौर में प्रवेश किया। स्वियाटेक ने शुरुआती सेट में लामेंस के खिलाफ दबदबा बनाया और 6-1 से जीत हासिल की, लेकिन लामेंस ने वापसी करते हुए दूसरा सेट जीत लिया। हालांकि बाद में स्वियाटेक ने तीसरा सेट 6-4 से जीत लिया। स्वियाटेक दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी हैं। 2012 में सेरेना विलियम्स के बाद, वह एक ही कैलेंडर वर्ष में विंबलडन और यूएस ओपन एकल जीतने वाली पहली महिला बन सकती हैं। वह अब तीसरे राउंड में 29वीं वरीयता प्राप्त अन्ना कालिंस्काया से भिड़ेंगी, जिन्हें उन्होंने सिनसिनाटी में डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने के दौरान महज 13 दिन पहले सीधे सेटों में हराया था।